yashbharat.co.in

हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

रोज पढ़ते हैं 2 लाख यूजर

नये जमाने के साथ..


# यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 154- ● जबलपुर ● बुधवार, 5 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 1 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

## आज का मौसम

आज सुबह का तापमान

26.0 डिसे



दोपहर 12 बजे तक

31 डिसे

मौसम रहेगा शुष्क

## राजोरी कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**जम्मू, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के राजोरी में कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है और पांच घायल हुए हैं। जीएमसी, राजौरी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महमूद हुसैन बजार ने बताया कि घायलों का राजौरी के सरकारी मेडिकल में इलाज चल रहा है। घटना राजोरी के थानामंडी इलाके की है।

# गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

# दुनिया का अबतक का सबसे गर्म दिन रहा 3 जुलाई

### वैज्ञानिक बोले- यह मौत की सजा है

■ वाशिंगटन, एजेंसी।

दुनिया भर में चल रही लू के कारण मंगलवार को औसत वैश्विक तापमान 17.01 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस तापमान ने साल 2016 में बने पिछले रिकॉर्ड 16.92 डिग्री सेल्सियस को पीछे छोड़ दिया है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। बढ़ती गर्मी से पूरी दुनिया हाल बेहाल है। इस बीच, अमेरिका के नेशनल सेंटर फॉर एनवायरनमेंटल प्रेडिक्शन ने गर्मी को लेकर एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर 3 जुलाई अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। वैज्ञानिकों ने कहा कि बढ़ती गर्मी कोई जश्न नहीं, बल्कि लोगों के लिए मौत की सजा है।



### सात साल पहले का रिकॉर्ड टूटा

बता दें, दुनिया भर में चल रही लू के कारण मंगलवार को औसत वैश्विक तापमान 17.01 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस तापमान ने साल 2016 में बने पिछले रिकॉर्ड 16.92 डिग्री सेल्सियस को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, दक्षिणी अमेरिका हाल के सप्ताहों में भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इसके अलावा, चीन में भी लोग गर्मी की मार झेल रहे हैं। यहां 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान बना हुआ है। वहीं, उत्तरी अफ्रीका में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया है। परेशान करने वाली बात यह है कि जहां सर्दियों का मौसम है, वहां भी गर्मी महसूस की जा रही है।

### सर्दी के मौसम में भी गर्मी की मार

रिपोर्ट में कहा गया है कि अंटार्कटिका में इस समय सर्दियों का मौसम है, लेकिन यहां असामान्य रूप से उच्च तापमान दर्ज किया गया है। अर्जेंटीना द्वीप समूह में यूक्रेन के वर्नाडस्की रिसर्च बेस ने हाल ही में 8.7 डिग्री सेल्सियस के साथ अपने जुलाई तापमान रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### वैज्ञानिकों ने बताया कारण

ब्रिटेन के जलवायु वैज्ञानिक फ्रेडरिक ओटो ने बढ़ते तापमान को लेकर कहा कि यह कोई मील का पत्थर नहीं है, जिसका हमें जश्न मनाना चाहिए। यह लोगों के लिए मौत की सजा है। वहीं, अन्य वैज्ञानिकों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन इसके लिए जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं का मानना है कि अल नीनो नामक प्राकृतिक मौसम घटना और इंसानों की ओर से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के संयोजन से गर्मी बढ़ रही है। बता दें, भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान बढ़ने की घटना च्अल नीनोज्कहलाती है।

## सूर्य में हुआ शक्तिशाली धमाका, अमेरिका और प्रशांत महासागर में रेडियो ब्लैकआउट

सूर्य से एक शक्तिशाली विस्फोट के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में रेडियो ब्लैकआउट हो गया है. यह विस्फोट रविवार को सूर्य से निकलकर लाखों किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आंतरिक ग्रहों की ओर बढ़ता हुआ चला गया. यह विस्फोट एक सनस्पॉट से हुआ, जो पृथ्वी की चौड़ाई से लगभग सात गुना बड़ा था, और इसे नासा के सोलर डायनेमिक्स ऑब्ज़र्वेटरी द्वारा देखा गया, जो लगातार सूर्य पर नज़र रखता है.। सनस्पॉट में होने वाला शक्तिशाली विस्फोट रेडियो संचार, इलेक्ट्रिक पावर ग्रिड और नेविगेशन सिग्नल को प्रभावित कर सकते हैं और अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष यात्रियों के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं. नासा ने एक ब्लॉग अपडेट में कहा, 'इस फ्लेयर को ङ्ग1.0 फ्लेयर के रूप में वर्गीकृत किया गया है. एक्स-क्लास सबसे तीव्र फ्लेयर को दर्शाता है।

### विक्षिप्त पर गंदगी करने वाला गिरफ्तार, लगा एनएसए

# आरोपी के खिलाफ होगा बुलडोजर एक्शन

■ सीधी, यशभारत।

आदिवासी युवक के ऊपर लघुशंका करने वाले भाजपा नेता को पुलिस टीम ने मंगलवार की देर रात करीब ढाई बजे उसके गांव के पास से ही गिरफ्तार कर लिया है। जिसे पुलिस रात में थाना लेकर पहुंच गई। उस पर एनएसए लगाया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजुलता पटले समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस आरोपित से पूरे घटना को लेकर बारीकी से पूछताछ कर रही है। घटना के बाद भाजपा अपना कार्यकर्ता या पदाधिकारी नहीं मान रही है वही भाजपा के कद्दावर नेता सहित स्थानीय स्तर के नेता लगातार हमला कर रहे हैं। बता दें कि पकड़े जाने के दौरान आरोपित भगवा कलर के गमछा से सिर ढका हुए था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आरोपित को ऐसी सजा मिले जो नजीर बन जाए। सीएम शिवराज के निर्देश के बाद आरोपित पर एनएसए लगाया गया था और अब उसके घर पर



बुलडोजर चलाने की तैयारी है।इसी बीच गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ बुलडोजर एक्शन होगा। बता दें कि बता दें भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला पुत्र रमाकांत शुक्ला निवासी कुबरी ने करीब एक सप्ताह पहले बहरी बाजार में ही रात के समय नशे की हालत में एक आदिवासी युवक के ऊपर लघुशंका कर दिया। मंगलवार को को यह वीडियो तेजी से इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर युवक को गिरफ्तार करने एवं कड़ी सजा देने के निर्देश दिए। बहरी थाना में एफआइआर दर्ज करने के बाद पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात हो गई। आरोपित को पकड़ने के लिए देर रात तक छापामार कार्रवाई की गई। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसका नतीजा रहा कि आरोपित पकड़ा जा सका।

### राजस्व अमला पहुंचाघर, कार्रवाई शुरू

प्रवेश शुक्ला के घर राजस्व अमला पहुंच चुका है, लेकिन भाजपा नेता के इस कृत्य को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ट्वीट पर हमला बोल रहे हैं। बसपा सुप्रीमो ने ठीक किया है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने ट्वीट किया है यह नियुक्ति पत्र उन लोगों के लिए है जो बोल रहे हैं प्रवेश शुक्ला भारतीय जनता पार्टी का सदस्य नहीं है। वह भारतीय जनता युवा मोर्चा में मंडल उपाध्यक्ष है। विधायक केदारनाथ शुक्ला ने उसे अपना प्रतिनिधि बनाया है। अपने ट्वीट में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कुचवाही का एक पत्र भी संलग्न किया है जिसमें प्रवेश शुक्ला का नाम चौथे नंबर पर है। लेटर पैड पुष्पराज सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष के नाम से है। हालांकि इस लेटर पैड में दिनांक का उल्लेख नहीं किया गया है।

### एनसीपी पर फैसले का दिन आज

# शरद पवार धड़े ने विधायकों को जारी किया व्हिप

■ मुंबई, एजेंसी।

महाराष्ट्र की राजनीति में जारी सियासी घमासान के बीच बुधवार, 5 जुलाई का दिन अहम होने जा रहा है। आज शरद पवार और अजित पवार दोनों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की बड़ी बैठक बुलाई है और सभी नेताओं को मौजूद रहने को कहा गया है। मतलब आज जिस के खेमे में ज्यादा विधायक और सांसद नजर आएंगे, एनसीपी पर उसका कब्जा माना जा रहा है। पहले अजित पवार गुट की बैठक होगी। यदि यहां पार्टी के दो तिहाई विधायकों (यानी कम से कम 36) की संख्या नहीं जुटी तो सियासी जंग और दिलचस्प हो जाएगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुट आज शक्ति प्रदर्शन करेंगे। एनसीपी प्रमुख शरद पवार की ओर से विधायकों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया गया है। पवार ने विधायकों को खुद फोन भी किया। वहीं, उपमुख्यमंत्री अजित पवार का गुट एनसीपी के 58 में



से 40 विधायकों के समर्थन का दावा कर रहा है। इससे शरद पवार गुट आशंकित है।

**दोपहर में बैठक करेंगे शरद पवार** – शरद पवार गुट ने दक्षिण मुंबई स्थित यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में तो अजित गुट ने बांद्रा स्थित एमईटी परिसर में पार्टी विधायकों समेत प्रदेश, जिला व तालुका स्तर के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। शरद पवार गुट की ओर से जितेंद्र आव्हाड ने व्हिप जारी किया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को शरद पवार ने दोपहर एक बजे के करीब बैठक बुलाई है। बैठक में सभी विधायकों का उपस्थित होना जरूरी है। वहीं, अजित पवार गुट की ओर से सुनील टाटकारे बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसके लिए शिवाजीराव गरजे ने बैठक बुलाई है।

### शरद पवार ने अपनी तस्वीर लगाने पर जताई आपत्ति

अजित गुट ने दक्षिण मुंबई स्थित सरकारी बंगला नंबर ए-5 में मंगलवार को एनसीपी का नया दफ्तर खोला है। खास बात यह है कि यहां शरद पवार की तस्वीर लगाई गई। हालांकि शरद पवार ने इसपर आपत्ति जताते हुए कहा, जो लोग मेरी विचारधारा से सहमत नहीं हैं, उन्हें मेरी तस्वीर लगाने का अधिकार नहीं है। मेरे जीते जी मेरी तस्वीर कहां लगेगी, यह तय करना मेरा अधिकार है। पुणे एनसीपी शहर कार्यसमिति ने बैठक कर शरद पवार को समर्थन देने का प्रस्ताव पारित किया। साथ ही, पार्टी को तोड़ने के लिए भाजपा की आलोचना की गई। वहीं, नागपुर जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल की तस्वीरें निकाल दी। दूसरी ओर, नासिक में पार्टी दफ्तर पर कब्जे के लिए शरद पवार और अजित पवार गुट के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए जिससे पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

# 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा कर्मचारी बर्खास्त, जेडओ सस्पेंड

■ ग्वालियर, यशभारत।

भवन निर्माण की अनुमति देने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत लेने पहुंचे नगर निगम के आउटसोर्स कर्मचारी को गोला का मंदिर चौराहे के पास लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। कर्मचारी विवेक तोमर जेडओ उत्पल भदौरिया के कहने पर रुपये लेने पहुंचा था। सौदा 15 हजार रुपये में तय किया था। पांच हजार जेडओ ने पहले ले लिए थे। मामले में मुख्य आरोपित



जेडओ को सस्पेंड और आउटसोर्स कर्मचारी को बर्खास्त किया गया है। महाराणा प्रताप नगर भिंड रोड पर रहने वाले भूतपूर्व सैनिक राकेश सिंह सिकरवार के डीडी नगर में दो प्लाट हैं। जिस पर वह भवन निर्माण की अनुमति के लिए क्षेत्रीय कार्यालय जोन -8 मुरार में मई 2023 में आवेदन किया था। फाइल जब अनुमति के लिए जेडओ उत्पल भदौरिया के पास पहुंची तो अनुमति देने के एवज में जेडओ ने 30 हजार रुपये की मांग की। सौदा 15 हजार रुपये में तय हुआ। पांच हजार रुपये राकेश ने बतौर एडवांस दे दिए। इसके बाद भी फाइल आगे नहीं बढ़ी।

### अड़ गया था जेडओ उत्पल भदौरिया

भवन निर्माण के लिए रिश्वत की बात तय होने पर पाच हजार एडवांस लेने के बाद भी जेडओ उत्पल भदौरिया फाइल पर साइन नहीं कर रहा था। जेडओ इस बात पर अड़ गया कि जब तक शेष दस हजार रुपये और नहीं मिलेंगे तब तक अनुमति नहीं दी जाएगी। निरीक्षक लोकायुक्त कवींद्र सिंह चौहान ने बताया कि राकेश ने लोकायुक्त में शिकायत की थी, जिसके बाद तय योजना के मुताबिक राकेश ने जेडओ से संपर्क किया और रिश्वत के 10 हजार रुपये देने की बात की। बातचीत की रिकार्डिंग की गई। जेडओ सोमवार को पैसा लेने के लिए आने वाला था, लेकिन किसी कारण दोनों का संपर्क नहीं हो सका। मंगलवार को राकेश ने जेडओ को फोन लगाया। इस पर जेडओ ने कहा कि वह बैठक में है, पैसा लेने के लिए आउटसोर्स कर्मचारी विवेक तोमर को भेज रहा है। जैसे ही विवेक ने राकेश के हाथ से उसे 10 हजार रुपये लिए टीम ने उसे दबोच लिया।

# रीवा में भीषण आग से खाक हुई दर्जनों गाड़ियां

■ रीवा, यशभारत।

रीवा में एक कोल्ड स्टोरेज बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। मंगलवार देर रात लगी आग पर बुधवार सुबह तक पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। आग में 50 गाड़ियां जल गई। डेढ़ करोड़ का केला, मशीन और प्रिंटिंग प्रेस भी जलकर कबाड़ हो गई हैं। सिविल लाइन थानाक्षेत्र के के कॉलेज चौराहा रोड स्थित भगवान शीत भंडार कोल्ड स्टोरेज में यह आग लगी। बिल्डिंग में लगी आग पर सुबह 8 बजे तक काबू नहीं पाया जा सका था। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी।भीषण आग में चार दर्जन से ज्यादा गाड़ियां कबाड़ हो गई हैं। यहां रखा करीब 2 करोड़ का केला भी जल गया जबकि मशीनें और प्रिंटिंग प्रेस भी जल गई। रातभर दमकलें आग बुझाती रहीं, करीब दो दर्जन फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। घटना की जानकारी मिलते ही ष्टस्क्रशिवाली चतुर्वेदी और ञ्जढ्ढ राजकुमार मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि अब लपटें तो नहीं दिख रही पर राख के ढेर में अभी भी अंगार धधक रहे हैं। कोल्ड स्टोरेज बिल्डिंग में करीब 50 गाड़ियां रखीं थीं जोकि आग में जलकर कबाड़ हो गई हैं।



40 साल पुरानी इस बिल्डिंग में कई दुकानें और ऑफिस हैं। बिल्डिंग के मालिक विजय सिंह हैं जिनका यहां केला के लिए कोल्ड स्टोर बना है, इसके अलावा बर्फ त था आइसक्रीम फैक्ट्री भी है। बिल्डिंग में खुली ऑटो पार्ट्स दुकान में टूव्हीलर - स्कूटर खरीदने और नई करके बेचने का भी काम होता है। यहां रखीं 50 गाड़ियां जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। दुकान के मालिक रहीस खान ने बताया कि रात 12.30 बजे करीब बिल्डिंग में आग लगी और देखते ही देखते फैल गई। भीषण आग से गाड़ियों के टायरों में धमाके होने लगे जिससे आग और तेजी से फैलती गई। बिल्डिंग के आसपास रहने वाले रातभर जागते रहे।

## मणिपुर में हथियार लूटने IRB कैंप में घुसी भीड़, जमकर चलीं गोलियां, एक की मौत

■ इंफाल, एजेंसी।

मणिपुर में 3 मई की रात को हिंसा भड़की थी. 2 महीने पूरे हो गए हैं. राज्य और केंद्र सरकार दोनों शांति के लिए प्रयास कर रहे हैं. लेकिन, हिंसा है कि थमने का नाम नहीं ले रही. मंगलवार, 5 जुलाई को मणिपुर के थौबल जिले में संघर्ष देखने को मिला. भीड़ ने कथित तौर पर इंडियन रिजर्व फोर्स के एक कैंप से हथियार और गोला-बारूद लूटने की कोशिश की. भीड़ को रोकने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने हवाई फायरिंग की, जिसमें 27 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई. इस पूरी झड़प के दौरान असम राइफल्स के एक जवान के पैर में भी गोली लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि भीड़ ने हथियार और गोला-बारूद लूटने के लिए खंगाबोक इलाके में तीसरी आईआरबी बटालियन के शिविर पर हमला करने की कोशिश की. भीड़ ने सेना के वाहन को भी आग लगा दी. सुरक्षाबलों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पहले आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया. जैसे ही सशस्त्र भीड़ ने गोलियां चलाई, सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की.इस दौरान एक युवक को गोली लगी।

### इंदौर पुलिस की बर्बरता

# चोरी के शक में महिला को बेल्ट-डंडों से पीटा, घाव छिपाने को बर्फ से की सिंकाई

■ इंदौर, ईएमएस।

तिलक नगर थाने के पुलिसकर्मियों ने एक महिला को इतना पीटा कि उसकी हड्डी टूट गई। महिला को 21 लाख रुपये चुराने के आरोप में बयान देने बुलाया था। आठ बार कथन लेने पर भी चोरी नहीं स्वीकारने पर महिला की बेल्ट और डंडे से पिटाई कर दी। घाव छिपाने के लिए महिला आरक्षक से बर्फ की सिंकाई करवाई।महावीर मार्ग (धार) निवासी 46 वर्षीय रचना शर्मा को एसआइ सुरेंद्रसिंह पांच दिन से पूछताछ करने बुला रहे थे। रविवार दोपहर रचना के कथन दर्ज किए और बातचीत के बहाने प्रथम मंजिल पर बने कक्ष में बंद कर दिया। आरोप है कि पुलिसवालों ने डंडे और बेल्ट से पिटाई की और कहा कि चोरी स्वीकार ले। रचना को पुरुष पुलिसकर्मियों ने भी डंडे मारे, जिससे बाएं कंधे के पास की हड्डी टूट गई।रचना की पिटाई के समय चचेरे भाई लक्ष्य द्विवेदी, अक्षत द्विवेदी, बहन सुनयना शर्मा, जीजा परेश जोशी और चाचा श्रीकांत (रमण द्विवेदी) भी थाने में मौजूद थे। रचना की चीख सुन स्वजन बचाने दौड़े, लेकिन पुलिसकर्मियों ने धमकाया और रोक लिया। चोट के निशान छिपाने के लिए एसआइ सुरेंद्र ने



महिला पुलिसकर्मी से बर्फ की सिंकाई करवाई। रात 9 बजे तक थाने में रखा और यह बोलकर छोड़ा कि दोबारा थाने आना पड़ेगा।दो जुलाई को मुझे बयान के लिए थाने बुलाया था। 12 बजे पहुंची तो तीन बजे तक बयान व पूछताछ चलती रही। इसके बाद एक महिला आरक्षक (जिसके दांत में तार लगा है) ऊपर बने कमरे में ले गई। मेरे साथ बर्बरता से पिटाई की। मैं चीखी तो उसने दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद मेरे भाई यश द्विवेदी को दूसरे कमरे में ले जाकर बेरहमी से पीटा। मुझे दोनों हाथ-पैर, जांघ और कूल्हे पर भी गहरे घाव बन गए। ईओडब्ल्यू उज्जैन के एडीपीओ के दबाव में पुलिस महिला से बार-बार कर रही है पूछताछ, चोरी को स्वीकार करवाने के लिए बुरी तरह से पीटा गया। रचना के चाचा रमण द्विवेदी साहित्यकार हैं। उन्होंने परिचित पुलिसकर्मियों से बात की और सोमवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनीष कपूरिया को घटना बताई।

# चीन में आ गई तबाही!

### कुदरत के कहर से चारों ओर त्राहिमाम, घरों में दुबके लोग

■ बीजिंग, एजेंसी।

चीन में इस वक्त प्राकृतिक आपदाओं के चलते लाखों लोगों की जान मुसीबत में फंसी हुई है. कहीं भारी बारिश के चलते बाढ़ की समस्या शुरू हो गई है तो कहीं बढ़ते तापमान के चलते चीन के लोगों का हाल बेहाल है. समाचार एजेंसी ने बताया कि चीनी अधिकारियों ने जुलाई महीने में कई प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी दी है. समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण हजारों लोग प्रभावित हो चुके हैं. उन सभी को विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित जगह पहुंचाया



गया. शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक मौसम एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि देश को जुलाई में बाढ़, आंधी और प्रचंड गर्मी सहित कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ सकता है. ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की गर्मी ने चीन में 60 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और चिलचिलाती धूप के चलते सैकड़ों लोग जानलेवा लू के चपेट में आ चुके हैं।

## शिवनाथ नदी में डूबने से दो इंजीनियरिंग छात्र

■ दुर्ग/भिलाई, यशभारत।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में शिवनाथ नदी में महमरा एनीकट के पास मंगलवार को दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। घटना के समय दोनों नहाने के लिए उतरे थे। इस दौरान ही एक युवक गहरे में चला गया। उसे बचाने के फेर में दूसरा युवक भी डूब गया। उनके साथ गए दोस्तों ने मदद की पुकार लगाई। आसपास मौजूद लोगों ने गोताखोरों की मदद से दोनों छात्रों की तलाश शुरू की।करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद दोनों छात्रों का शव निकाला जा सका। मृतक में हर्षित सुपेला एवं सुनील साहू महासमुंद का निवासी था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों इंजीनियरिंग कालेज के छात्र थे। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

# मुंबई में टमाटर 160 रुपए के पार

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

देश में इस वक्त टमाटर महंगाई की आंसू रुला रहा है. देश के प्रमुख शहरों में टमाटर की खुदरा कीमतें कहीं 100 से 120 रुपये प्रति किलो तो कहीं 120 से 160 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है. आंकड़ों से पता चलता है कि मंगलवार को पूरे मुंबई के खुदरा बाजारों में टमाटर की कीमत 160 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है. व्यापारियों को आशंका है कि कुछ दिनों में टमाटर की कीमत 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

# हरी मिर्च और अदरक ने भी बिगाड़ा स्वाद



### मिर्ची की कीमत में दोगुना उछाल

कुछ दिन पहले तक 40 से 50 रुपये किलो बिकने वाली हरी मिर्च के दाम अचानक से डबल हो गए हैं. थोक में 50 से 75 रुपये किलो मिर्च मंडी में बिक रही है. जबकि खुदरा में मिर्च का भाव 80 से 120 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है. चेन्नई में हरी मिर्च 200 रुपये किलो हो गई है।

### टमाटर के साथ-साथ अदरक का भी दाम हुआ दोगुना

वहीं अदरक 100-120 रुपये से 250-350 रुपये प्रति किलो बिक रहा है. वहीं हरी मिर्च सामान्य 100 रुपये से अधिक 200-300 रुपये प्रति किलो पर जेब ढीली कर रही है. पश्चिम बंगाल में टमाटर की कीमत 150 रुपये प्रति किलोग्राम है. वहीं कोलकाता में 148 रुपये. दिल्ली और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 110 रुपये और 117 रुपये प्रति किलो थीं. बता दें कि पिछले दो हफ्ते में टमाटर पैदा करने वाले राज्यों से सप्लाई बाधित हुई है, जहां टमाटर की तुड़ाई और इसका ढुलाई पर असर पड़ा है।

### टमाटर की बढ़ती कीमतों को सरकार ने बताया मौसमी महंगाई

सरकार का कहना है कि टमाटर की कीमतों में मौजूदा बढ़ोतरी एक मौसमी मामला है और इस वक्त कीमतें आम तौर पर ऊंची रहती हैं. अगले 15 दिनों में कीमतें नरम होने और एक महीने में सामान्य होने की उम्मीद है. देश के तमाम शहरों में टमाटर 100 रुपये प्रति किलो से ऊपर बना हुआ है, टमाटर के साथ-साथ मिर्च ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है।

# नगालैंड में भारी बारिश से पहाड़ी से बड़ी चट्टानें खिसकी

### 5 सेकेंड में मलबा बनीं दो गाड़ियां; 2 की मौत, 3 गंभीर रूप से घायल

■ कोहिमा, एजेंसी।

नगालैंड में मंगलवार शाम को एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां भारी बारिश की वजह से पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ। इससे पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिरने लगे और उसकी चपेट में सड़क मार्ग पर चल रहीं दो कारें आ गईं। इस दौरान दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, दीमापुर और कोहिमा के बीच चुमौकेदिमा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 29 पर भारी बारिश के बीच शाम करीब पांच बजे हुई दुर्घटना में कोहिमा की ओर से आ रही दो कारों पर



पहाड़ से पत्थर गिरे। इससे एक कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और इसने दूसरी कार को भी चपेटे में लिया।अधिकारियों ने बताया एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने रेफरल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीनों घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि चट्टानों की चपेट में आई तीन कारें तहस-नहस हो गईं। पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति अभी भी एक कार के अंदर फंसा हुआ है और उसे बाहर निकालने का काम जारी है।

## उमस और गर्मी के साथ श्रावण के महीने का आगाज

# नया सिस्टम पर टिकी झमाझम बारिश की आस

**जबलपुर, यशभारत। अभी दो दिन और भीषण गर्मी झेलना होगी। मानसून का नया सिस्टम पश्चिमी मध्यप्रदेश में सक्रिय हो रहा है। दो दिन बाद जबलपुर संभाग में मानसून का नया सिस्टम सक्रिय होगा। पिछले तीन दिनों से बारिश नहीं होने की वजह से उमस भरी गर्मी बनी हुई है। बादलों की बसाहट से उमस और बढ़गई। उमस और गर्मी के साथ श्रावण के महीने का आगाज हुआ। मंगलवार को भी पारा औसत से 3 डिग्री ऊपर रहा।**



दिन में धूप तीखी रही, बीच-बीच में बादल छाए रहे। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसूनी का नया सिस्टम बादल मध्यप्रदेश पहुंच चुका हैं। आगामी 48 घंटों के बाद मध्यप्रदेश में मानसूनी बादलों का सिस्टम सक्रिय होगा। इसके बाद ही बारिश की उम्मीद की जा सकती है। फिलहाल वातावरण में उमस भरी गर्मी अपना वजूद बनाये हुये है। कूलर पंखे उमस के कारण काम नहीं कर रहे हैं। खुशनुमा मौसम के लिये जनजीवन बड़ी बेकरारी से इंतजार कर रहा है। पिछले 24 घंटो के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक रिकार्ड दर्ज किया गया। आज सुबह का तापमान 26 डिसे था। हवा में नमी प्रातःकाल 78 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान डिग्री और न्यूनतम तापमान डिग्री दर्ज किया गया था। गत वर्ष आज के दिन वर्षा 19.8 मिली मीटर हुई थी। कुल वर्षा 352.4 मिली मीटर हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष पिछले 24 घंटे में वर्षा दर्ज नहीं की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा मात्र 257.2 मिली मीटर ही हुई है। अगले 24 घण्टों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी के बैछारें पड़सकतीं हैं। दक्षिणी हवाएं 5 किलोमीटर की रफ्तार से चली।

## अंजुमन इस्लामिया व वक्फ कमेटी के 11 सदस्यों ने कार्यभार संभाला

**जबलपुर , यशभारत।** अंजुमन इस्लामिया व वक्फ कमेटी के 11 सदस्यों की प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक सादे समारोह में कार्यभार संभाला। इसके पूर्व नव नियुक्त प्रबंधन समिति का वक्फ कार्यालय द्वारा पुष्पहारों से स्वागत किया गया । इस अवसर पर व्यापारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शरद अग्रवाल अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष ओवैस अंसारी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय सदस्य सैयद कमर अली अल्पसंख्यक पूर्व नगर अध्यक्ष स ईद अंसारी राशिद अली अफसर अंसारी इसरार अंसारी मोटू माहिर खान सरफराज अहमद एवं हैदर पहलवान उपस्थित रहे। प्रबंधन समिति में मोहम्मद अनवर अध्यक्ष मिर्जा नसीम बैग उपाध्यक्ष सैयद मुबाशिर अली उपाध्यक्ष रियाज मोहम्मद कोषाध्यक्ष फैसल अंसारी सचि व नाज़नीन तबस्सुम सह सचिव मेराज अहमद अंसारी मोहम्मद जफर खान शेख शमशाद गुलाम मुस्तफा सरताज आलम सभी सदस्य नियुक्त किए गए हैं।



## महाआरती के साथ सावन महोत्सव का आगाज

जबलपुर, यशभारत। स्वयं भू सिद्धपीठ गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास के द्वारा सावान के प्रथम दिवस पर महाआरती की गई एवम श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में मनाए जाने वाले सावन महोत्सव का गणेश श्रृंगार के साथ आरंभ किया।।मंदिर समिति के सदस्यो के द्वारा पूज्य महाराज जी का पूजन अर्चन कर आशिर्वाद प्राप्त किया एवम सावान महोत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न हो भगवान गुप्तेश्वर महादेव जी से प्रार्थना की।श्री गुप्तेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास महाराज जी द्वारा बताया गया की इस वर्ष 2 माह का सावान महोत्सव मनाया जायेगा जिसमे गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में नित्य प्रतिदिन नए नए रूपों में भगवान गुप्तेश्वर महादेव को सजाया जाएगा इस वर्ष शहर के गणमान्य नागरिकों को महाआरती में आमंत्रित किया गया है ।।समिति के सदस्यो ने समस्त नागरिकों से आग्रह किया आपनी मनोकामना की पूर्ति की प्राचीन मंदिर में विराजित रामेश्वरम के उपलिंग गुप्तेश्वर महादेव जी के दर्शन करने मंदिर में उपस्थित हो।।इस अवसर पर गुप्तेश्वर सेवा समिति के अध्यक्ष एड राजेश तिवारी जी,बसंत मिश्रा जी,कमलेश अग्रवाल जी, एड रॉबिंस रावत,कमलेश जयसवाल,राजेंद्र त्रिपाठी, रश्मि सिंह ,सुषमा केसरवानी ,सार्थक परिहार,संगीता परिहार जी,ऋषभ मिश्रा जी,मीना पटेल जी,अनेकों सदस्य उपस्थित रहे है।।

## नि :शुल्क रुद्राभिषेक का पहला दिन

जबलपुर, यशभारत। चैतन्य महाप्रभु नर्मदा संकीर्तन मंडल के द्वारा सावन माह में प्रतिदिन निषुल्क रुद्रा अभिषेक काआयोजन किया गया सावन के प्रथम दिन भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक पंडित मोहित तिवारी के सानिध्य में सुबह 7 बजे से वैदिक मंत्रों के साथ विश्वकर्मा शिव मंदिर आर टी ओ के पास में सम्पन्न हुआ रोग मुक्ति का साधन है रुद्राभिषेक उक्त विचार पंड़ित मोहित ने कहे। सावन मास रुद्रा अभिसेक संयोजक एव संकीर्तन मंडल सचिव श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ 5 जुलाई को करमेता के सामने लामती रोड के पास सुबह 7-00 बजे से किया जाएगा उपस्थिति की अपील योगेंद दुबे सह संकीर्तन आचार्य सुरेश विश्वकर्मा मनोज गुलाब वानी दुर्गेश दुबे एडवोकेट भोले अरिहवार वैद्य गणेश विश्वकर्मा दीना गुरु आदि ने की है।

# कलाकारों ने गाये हंसने मनाने के शानदार गीत

## कलावीथिका में दीवाने तराने कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर यशभारत।** विगत दिनों रानी दुर्गावती संग्रहालय, कलाविथिका में दीवाने तराने मुयुजिकल ग्रुप्स के द्वारा कार्यालयीन कार्यो से तनाव मुक्त होने के लिए एक शानदार गीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जो थीम रूठना मनाना एवं हंसना हंसाना पर आधारितथा। जिसमें पल भर के लिए कोई हमें प्यार कर ले, मैं निगाहें तेरे चेहरे से हटाऊ कैसे, साथिया नहीं जाना कि जी ना लगे, माना जनाब ने पुकारा नहीं, यू रूठो ना हसीना, जमाने के देखे हैं रंग हजार, मौसम की तरह तुम भी बदल तो न जाओगे, जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे, गंगा मैया में जब तक के पानी रहे आदि ऐसे ही खूबसूरत गीतों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें पूर्णिमा अग्रवाल, जूली राठौर, ममता भास्कर, तनु, नीतू पटेल, रीता बर्मन, दामिनी पटेल, आरती चौबल, किशोर तमहाणे, विवेक चौबल, श्याम अरक, दुर्गेश गर्ग, मनोज शर्मा जयप्रकाश चौहान, खरपाते जी, राजेंद्र तिवारी, पराग तमहाणे, आरके भास्कर, आशीष सोनी, किशोर कथूरिया, मधुर परणामी, सैमसंग जेकब एवं राजेश शर्मा के द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में मंच संचालन अमित परणामी ने किया गया । पूरे प्रोग्राम के दौरान दर्शक गण मंत्रमुग्ध रहे।



## त्रिवेणी हेल्थ केयर (जामदार हॉस्पिटल) में FNS सर्जरी द्वारा सफलतम इलाज.

जबलपुर, यशभारत। विगत दिनों त्रिवेणी हेल्थ केयर जामदार हॉस्पिटल में 45 वर्षीय पेशेंट चोट लगने की वजह से अस्पताल में अपना इलाज कराने आया. अस्पताल में इलाज के दौरान यह बात सामने आई कि उसके कूल्हे की हड्डी में फैक्चर हुआ है. चूंकि उसकी उम्र बहुत कम थी और एक नई तकनीक जिसको द्व.ङ्घ.ह्य. (फेमोरल नेक सिस्टम )कहा जाता है ,इस सर्जरी के माध्यम से मरीज का इलाज किया गया और मात्र 3 दिन में मरीज की छुट्टी कर दी गई.यह अपने आप में एक नई तकनीक है जिसमें कूल्हे की हड्डी में f.n.s. सिस्टम के माध्यम से ऑपरेशन किया जाता है.आमतौर पर कूल्हे की हड्डी फैक्चर होने पर 60 साल के ऊपर के व्यक्ति का प्रत्यारोपण या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट किया जाता है परंतु अगर कम उम्र में किसी की हड्डी टूटती है तो साधारणत: इस हड्डी मेंस्क्रू के माध्यम से हड्डी को जोड़ा जाता है. स्वरू डालने पर कभी-कभी स्क्रू ढीले हो जाते हैं और जॉइंट खिसकने का डर रहता है f.n.s. शरीर का वजन लेने में ज्यादा सक्षम है और जॉइंट ढीला होना या अपनी जगह से हट जाने की समस्या भी ना के बराबर होती है.इस प्रकार के माध्यम से यह महाकौशल में पहला सफलतम ऑपरेशन त्रिवेणी हेल्थ केयर (जामदार हॉस्पिटल) में डॉ राजीव सावंत ने डॉ जितेंद्र जामदार एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में किया . उक्त जानकारी डायरेक्टर डॉ अनुश्री जामदार द्वारा प्रदान की गई।



# रोटरी साउथ का 32वॉ पदस्थापना समारोह

जबलपुर, यशभारत। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ का 32वॉ पदस्थापना समारोह रायपुर से पधारे पूर्व प्रांतपाल रोटे.राकेश चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य व सत्र 24-25 के प्रांतपाल रोटे.अखिल मिश्र के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। स्वागत उद्बोथन पूर्वाध्यक्ष सीए मनीष कोशल ने प्रस्तुत किया।



नवीन अध्यक्ष रोटे.रवि वैश्य को निवर्तमान हरीश रीझवानी व सचिव रोटे.सोनम केशरवानी को रोमेश डेंगरा द्वारा कॉलर पहनाकर विधिवत पदस्थापना के उपरांत नवीन अध्यक्ष द्वारा अपने संचालक मंडल से सदन को अवगत कराया गया। क्लब से जुड़ने वाले 18 नवीन सदस्यों के विधिवत इंडक्शन प्रक्रिया मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि व पूर्वप्रांतपाल रोटे. सुनील फाटक ने सम्पन्न की।

एक निराश्रित महिला को सिलाई मशीन व मंदबुद्धि छात्राओं की एक्सर्साइज हेतु साइकल रोटे.प्रभात चतुर्वेदी तथा पूर्वाध्यक्ष रोटे.प्रमोद वैश्य के सौजन्य से उपलब्ध कराई गई। रंगीन पृष्ठों वाली स्मारिका का विमोचन प्रकाशन अधिकारी पूर्वाध्यक्ष अरुण कान्त अग्रवाल ने कराया ।

सहायक प्रांतपाल रोटे.लोकेश चौबे के उद्बोथन के उपरांत विशिष्ट अतिथि व मुख्य अतिथि महोदय ने सारगर्भित उद्बोथन प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि महोदय को स्मृति चिन्ह व 2 जुलाई तक सत्र 23-24 का सदस्यता शुल्क प्रदान करने वाले सदस्यों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया ।

धन्यवाद ज्ञापन पूर्वाध्यक्ष रोटे.अनुराग जैन गढ़ावाल ने प्रस्तुत किया। नगर के अन्य रोटरी क्लबों से पधारे पदाधिकारियों की उपस्थिति आयोजन की गरिमावृद्धि में सहायक थी ।

## मौलाना आजाद वार्ड में बीमारी फैलने का खतरा

जबलपुर, यशभारत। मौलाना अबुल कलाम आजाद सफाई व्यवस्था को लेकर वार्डवासियों नगर निगम कमिश्नर स्वपनिल वानखेड़े से मुलाकात की और अपनी पीड़ा सुनाई। वार्ड के आरिफ पहलवान ने कहा, की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो चुकी है। मुख्य सड़कों में ही सफाई है, अन्दर की गलियां बस्तियां बजबजाती छोड़ दी गई हैं। कुछ क्षेत्रों में हालत इतने खराब है कि बारिश शुरु होने के बाद अब बीमारी और महामारी का खतरा बढ़ रहा है। कमिश्नर ने जल्द कदम उठाने और वार्ड की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान समाजसेवी अनवर सरदार, नियाज अहमद, सूफी मेहमूद उर्फ मिट्ठू, सहित वार्ड के सम्मानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# विवेकानंद के विचारों से ही युवाओं का भविष्य उज्जवल

(विवेकानंद मंडल चेरीताल ने किया स्वामी विवेकानंद जी का पुण्य स्मरण)

जबलपुर, यशभारत। युवाओं के प्रेरणास्रोत, हिन्दू धर्म के सशक्त हस्ताक्षर, सनातन धर्म ध्वजा वाहक, आधुनिक विश्व को सत्य, शाश्वत, महान सनातन धर्म एवं संस्कृति से परिचित कराने वाले युवा संन्यासी, अद्वितीय चिंतक, भारतीय मेधा के अप्रतिम प्रतिमान, युवाओं के प्रेरणास्रोत, युग प्रवर्तक, सम्पूर्ण भारतवर्ष के गौरव है उक्त उद्गार नांदेड़ महाराष्ट्र से पधारे विस्तारक साईनाथ विश्वनाथ कोलपुरे, श्रीमती प्रतिभा भापकर ने विवेकानंद मंडल चेरीताल मेंश्रद्धेय स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में कहे । स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर आयोजित गोष्ठी में योगेश बिलोहा, नरेंद्र खरे, शैलेश पटेल,अरविंद गुप्ता, आशीष चौधरी,अशोक चौधरी,शंकर नेता प्रकाश चौधरी,विजय राज, आलोक चनपुरिया,राजेश शर्मा, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, आशीष नेमा, देवेन्द्र राज, सुधा ठाकुर, बबीता पटेल,रीता खरे, प्रियंका द्विदी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहेसंचालन विध्येश भापकर आभार धन्यवाद ज्ञापन सौरभ सोनी ने किया ।



## *प्रदेश में ऐसा पहली बार निजी अस्पतालों में भी अब फेलोशिप कर सकेंगे मेडिकल छात्र*

*जबलपुर, यशभारत । पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके मेडिकल स्टूडेंट्स अब निजी अस्पतालों में फेलोशिप कर सकेंगे। ऐसा प्रदेश में पहली बार होने जा रहा है। मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी ने इस योजना पर काम शुरू कर दिया है। जबलपुर के 2 निजी अस्पतालों समेत एक अन्य संस्था ने फेलोशिप कराने के लिए आवेदन भी कर दिया है। हाल ही में विवि में हुई कार्यपरिषद की बैठक में फेलोशिप के लिए आए तीन प्रकरणों पर विचार हुआ।कुलपति 3 सदस्यीय समिति बनाएंगे, जो इन प्रकरणों में विस्तृत रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करेगी। रिपोर्ट आगामी कार्यपरिषद की बैठक में रखी जाएगी। इसके आधार पर अंतिम निर्णय होगा। यही प्रक्रिया प्रदेश के सभी निजी अस्पतालों के लिए अपनाई जाएगी। विवि के अधिकारियों के अनुसार निजी अस्पताल आवेदन तो कर सकते हैं, पर निर्णय उन्हीं के पक्ष में होगा, जिन्होंने चिकित्सा के किसी क्षेत्र विशेष में उत्कृष्टता हासिल की हो। ऐसे संस्थान जहां अनुभवी चिकित्सकों के मार्गदर्शन में स्टूडेंट्स का स्किल डेवलपमेंट हो सके। विवि ने फेलोशिप के लिए फीस और कोर्स अवधि का निर्धारण भी कर लिया है।



## आओ वृक्ष लगाएं की शानदार पहल

जबलपुर, यशभारत। कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ द्वारा एक शानदार पहल करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जन्मदिन हो अथवा परिवार की वरिष्ठ जन की याद में एक पौधा रोपकर उसका संरक्षण आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए। इसी क्रम में आओ वृक्ष लगाएं अभियान के तहत पौधे का रोपण किया गया। इस मौके पर धनंजय बाजपेई विजय गुप्ता रमेश कोहली श्रीमती कुसुम गुप्ता अंकित हरि खरे मौजूद रहे।



## गोविन्द अहिरवार बने प्रदेश सचिव

जबलपुर, यशभारत। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की अनुशंसा पर गोविन्द अहिरवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस विधि एवं मानवाधिकार विभाग में प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।

## नगर में श्रंखलाबद्ध शिविरों का आयोजन

जबलपुर। होम्योपैथिक मेडीकल एसो. ऑफ इंडया द्वारा होम्योपैथी के जनक डॉ. सैम्युअल हैनिमेन की 180 वीं पुण्य तिथि आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने अपनी श्रृद्धांजलि देते हुए नगर में श्रंखलाबद्ध शिविरों का आयोजन किये जाने, होम्योपैथिक चिकित्सकों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. पी.जे. करंदीकर, डॉ. वी.के. तिवारी, डॉ. किशन कछवाहा को शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। होम्यो पैथिक, के 60 वर्ष से ऊपर के लगभग 40 चिकित्यसकों का एक ग्रुप फोटो निकाला गया। कार्यक्रम में प्रान्ताध्यक्ष डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, डॉ. एस.सी., डॉ. शिवा सिंह, पंडित डॉ. जी.सी. आत्मा, डॉ. प्रवीण मलहोत्रा, महामंत्री सहित नगर के, ख्यातिलब्ध होम्योपैथ डॉ. एस.एस. बघेल, डॉ. अभय राय, डॉ. वालचन्दन, डॉ. सीताराम केवट, डॉ. आर. सी. गुप्ता, डॉ. व्ही.के. उपाध्याय तथा डॉ. बी.एल. लिट उपस्थित थे।



## अमरनाथ यात्रा का जत्था रवाना

जबलपुर , यशभारत। मंगलवार को नगर से एक जत्था जम्मूतवी एक्स्प्रेस से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ । इस अवसर पर वेद प्रकाश शर्मा जी ( लक्ष्यभेदी फाउंडेशन के संस्थापक ) द्वारा भोले बाबा के भक्तों का माँ नर्मदा के जल , श्रीफल एवं पुष्प - माला से सम्मान किया और सफल यात्रा की शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## बिलों में आपत्ती लगने से कर्मचारी हताष

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संमन्वय समिति ने कहा कि बिलों में आपत्ती लगने से कर्मचारियों में हताशा हैं । संघ जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कर्मचारी कोषालय की तानाषाही एवं हटधर्मिता के चलते वेतन को छोड़ अन्य स्वात्वों के भुगतान हेतु प्रताड़ित रहते है। हमेषा कर्मचारियों को अपने ही स्वात्वों के भुगतान हेतु कार्यालय एवं कोषालय के चक्कर काटना पड़ता है और जब तक कर्मचारी चढ़ौतरी नहीं चढ़ते तब तक उन्हे उनके ही स्वात्वों का भुगतान नहीं हो पाता ऐन केन प्रकारेण वेतन को छोड़ कर हर वित्तीय मामले में आपत्ती लगाई जाती है। यही वजह है कि बहुत ज्यादा जरूरत मंद कर्मचारी अपने ही स्वात्वों के भुगतान हेतु कोषालय मे चढ़ौतरी चढ़ाने हेतु मजबूर हो जाता है। यह कर्मचारियों का शोषण है इस पर रोक लगाई जानी चाहिए।

# म.प्र. राज्य शतरंज चयन स्पर्धा आयोजित

## 19 वर्ष का समापन समारोह यूथ हास्टल रानीताल में सम्पन्न

जबलपुर , यशभारत। चैस एसासिएशन द्वारा आयोजित म.प्र. राज्य शतरंज चयन स्पर्धा आयु वर्ग 19 वर्ष का समापन समारोह यूथ हास्टल रानीताल में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथिश्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर एवं विशिष्ट अतिथि श्री संतोष पटेल, श्री सुभाष अग्रवाल एवं म.प्र. एडहाक कमेटी के कनविनर श्री अक्षत खम्परिया एवं इंटरनेशनल आर्बीटर स्वनिल बंसोड़ एवं यशवेन्द्र ठगेले अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जबलपुर चैस एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजभूषण दुबे ने की। इस कार्यक्रम में महापौर द्वारा मध्यप्रदेश के अक्षत खम्परिया को प्रथम, जी. एम. नार्म प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया तथा शहर के चैतन्य अवध को सीनियर वर्ग की म.प्र. चैम्पियनशिप जीतने पर सम्मानित किया गया । स्पर्धा के अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे- बालक वर्ग- प्रखर बजाज कटनी प्रथम, नव्या गोयल, इंदौर द्वितीय, माधवेन्द्र प्रताप सिंह, भोपाल तृतीय, कामद मिश्रा, जबलपुर चतुर्थ बालिका वर्ग- कु. सेरा डागरिया इन्दौर प्रथम, कु. मंदाकिनी मिश्रा, जबलपुर द्वितीय, कु. अवनी शुक्ला जबलपुर तृतीय कु. भाव्या नारापुरम, जबलपुर चतुर्थ उपरोक्त चयनित प्रथम चार बालक एवं प्रथम चार बालिका राष्ट्रीय स्पर्धा में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा में विजयी खिलाड़ियों को नगद राशि के साथ ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्पर्धा को सफल बनाने में मुख्य निर्णायक एन.वी.आर. श्रीहरी, डिप्टी आर्बीटर श्री बृजभूषण दुबे एवं नागालक्ष्मी नारापुरम तथा सहयोगी आर्बीटर ओ. पी. यादव आदि।




# अ भा विद्युत शरीर सौष्ठव व शक्तित्तोलन जबलपुर में

***जबलपुर,, यशभारत। अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल ने वर्ष 2023-24 के लिए अपना खेल कैलेण्डर जारी कर दिया है। पंजाब के ज़ीरकपुर में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में निर्णय लिया गया कि नवम्बर के प्रथम सप्ताह में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल शरीर सौष्ठव व शक्तित्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन करेगी।**

यह प्रतियोगिता नवम्बर माह में जबलपुर में आयोजित होने की संभावना है। सामान्य सभा बैठक में अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल के अध्यक्ष जिगनेश रे, महासचिव नरेश कुमार सहित देश भर की पावर यूटिलिटी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। एमपी पावर का प्रतिनिधित्व एनबी क्षत्रिय ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अगस्त में हरियाणा पावर स्पोटर्स ग्रुप हॉकी व टग ऑफ वार (रस्साकसी) की प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन 24 से 26 अगस्त के दौरान पंचकुला में होगा। हरियाणा कुश्ती प्रतियोगिता को भी आयोजित करेगा। पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड अक्टूबर में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। हरियाणा पावर स्पोटर्स ग्रुप बास्केटबाल व टाटा पावर लॉन टेनिस प्रतियोगिता आयोजन अक्टूबर माह में करेगा। नवम्बर के दूसरे भाग में तेलंगाना जेनको के तत्वावधान में टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। दिसंबर के प्रथम भाग में महा जेनको कबड्डी, इन्द्रप्रस्थ पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड ब्रिज प्रतियोगिता व दिसंबर माह के दूसरे भाग में हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन प्रतियोगिता को आयोजित करेगा। अगले वर्ष जनवरी माह के प्रथम भाग में महा ट्रांस्को फुटबाल व वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। जम्मू-कश्मीर पावर डेव्लपमेंट के तत्वावधान में फरवरी 2024 के दूसरे भाग में कैरम व शतरंज प्रतियोगिता होगा। महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारी तमिलनाडु को सौंपी गई है। यह प्रतियोगिताएं मार्च 2024 के प्रथम भाग में होंगी।

## रायपुर तक ट्रेन चलाने की मांग

जबलपुर यश भारत। जबलपुर से रायपुर एवं दुर्ग जाने के लिए एकमात्र ट्रेन 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस है जो कि जबलपुर से कटनी शहडोल, अनूपपुर, बिलासपुर होकर रायपुर एवं दुर्ग जाती है। रेल्वे समय सारणी के अनुसार जबलपुर से रायपुर की दूरी 518 कि.मी. है तथा यात्रा की अवधि 9 घंटे 40 मिनिट है तथा दुर्ग की दूरी 549 कि.मी. हैरेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्यों ने विज्ञप्ति में बताया कि यदि अमरकंटक एक्सप्रेस निर्धारित समय पर चले तब यह जबलपुर से रायपुर की दूरी 9 घंटे 40 मिनिट में तय करती है तथा जबलपुर से दुर्ग पहुँचने में 10 घंटे 40 मिनिट लेती है तथा इसकी औसत गति 55.10 कि.मी. प्रति घंटा है किन्तु खेद का विषय है कि यह ट्रेन यात्रियों के लिए अभिशाप बन चुकी है क्योकि यह ट्रेन रायपुर एवं दुर्ग 2 से लेकर चार घंटे विलंब से रायपुर एवं दुर्ग पहुँचती है/

# सरकारी विभागों में सहकारिता का पेंच

## मध्यप्रदेश के विभागों में सहकारिता की होगी दखलअंदाजी, युवाओं को रोजगार देने का लॉलीपॉप

(नीरज उपाध्याय )

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के बहुत से विभागों में सहकारिता विभाग की दखलअंदाजी नजर आएगी। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सहकरिता का सहारा लेने का मसौदा तैयार किया जा रहा है।प्रारंभिक तौर पर माइनिंग से लेकर श्रम, ट्रांसपोर्ट, पर्यटन और मंडी सहित 24 विभागों में यूथ को- ऑपरेटिव समितियों का गठन होगा। युवाओं को रोजगार से जोड़ना,,जबलपुर पहुंचे मध्यप्रदेश के सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना है इसलिए सहकारिता विभाग कई विभागों के साथ मिलकर आगामी दिनों में काम करेगा।शुरूआत में माइनिंग, श्रम, ट्रांसपोर्ट, पर्यटन और मंडी को चुना गया है।




### किस तरह मिलेगा फायदा

युवाओं को किस तरह फायदा मिलेगा, यह अभी तक अधर में है। हालांकि सहकारिता का पेच अधिकतर विभागों में फंसाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### गठित होंगी सहकारी समिति

स्वरोजगार के लिए कृषि, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, जल संरक्षण, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, खनिज, कृषि उपकरण बैंक, जैविक उत्पाद, जल एवं विद्युत वितरण सहित अन्य क्षेत्रों में सहकारी समितियों का गठन कर इन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

### इन क्षेत्रों में भी सहकारिता काम करेगी

नए क्षेत्रों में ग्राम, जिला और राज्य स्तर पर समिति गठित की जाएंगी। विभिन्न सरकारी योजनाओं से समितियों को जोड़कर काम किया जाएगा। किसानों को उपकरण उपलब्ध कराने के लिए उपकरण बैंक की स्थापना, ग्रामीण परिवहन, पर्यटन, स्वास्थ्य, बीमा, सेवा, जैविक उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, विद्युत एवं जल वितरण व्यवस्था के लिए समिति बनाना प्रस्तावित किया गया है।

आईजी के निर्देश पर कटनी पहुंचे डीआईजी

# डेयरी संचालक के यहां सशस्त्र डकैती की वारदात को लेकर संभाला मोर्चा

### एक आरोपी गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

### पीएम के बाद परिजनों को सौंपा मनीष का शव





**जबलपुर/कटनी, यशभारत।** कोतवाली के आधारकाप क्षेत्र में सोमवार व मंगलवार की दरम्यानीरात डेयरी संचालक के घर डकैती पड़ी डकैती के मामले में पुलिस को प्रारंभिक सफलता मिल गई है। जबलपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा के दिशा निर्देश पर डीआईजी आर.आर.एस.परिहार ने वारदात की कमान संभाली। डीआईजी श्री परिहार के मार्गदर्शन में काम करते हुए पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। पुलिस अब गिरफ्तार किए गए युवक से पूछताछ करते हुए शेष आरोपियों को गिरफ्त में लेने के प्रयास कर रही है। हालांकि पुलिस अभी मामले में किसी की भी गिरफ्तारी से इंकार कर रही है। गौरतलब है कि डेयरी संचालक के यहां डकैती की इस वारदात ने महाकोशल को हिला कर रख दिया है। हथियार बंद बदमाशों ने देररात घर में घुसकर डेयरी संचालक 45 वर्षीय मनीष शर्मा, उनकी पत्नी 40 वर्षीय पूनम शर्मा और बेटे 14 वर्षीय सत्य शर्मा को बंधक बना लिया था। बदमाशों ने तीनों पर चाकू से जानलेवा हमला किया। गंभीर चोट आने के कारण डेयरी संचालक मनीष शर्मा की उपचार के दौरान मौत हो गई। वारदात को अंजाम देते हुए बदमाश नगदी समेत एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के जेवर लूट ले गए। पुलिस ने हत्या व सशस्त्र डकैती का मामला धारा 458, 394 के तहत दर्ज कर लिया है। देररात पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है हालांकि अभी इसकी पुष्टि पुलिस नहीं कर रही है। उल्लेखनीय है कि कोतवाली के संतनगर आधारकाप क्षेत्र निवासी पेशे से डेयरी चलाने वाले मनीष शर्मा शेयर मार्केट का भी काम देखते थे। वे पत्नी पूनम और बेटे सत्य के साथ आधारकाप में रहते थे। सोमवार व मंगलवार की दरम्यानीरात पूरा परिवार जब सो रहा था तो देररात बदमाश घर के पीछे से भीतर घुसे और पूरे परिवार को बंधक बना लिया। नगदी व सोने-चांदी के जेवर के लिए बदमाशों ने दम्पती और उनके बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला किया। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद बदमाश नगदी और जेवर लेकर भाग निकले। घायलों को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां से जबलपुर ले जाया गया। उपचार के दौरान मनीष की मौत हो गई। पुलिस ने आज मनीष शर्मा का शवपरीक्षण कराते हुए शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया है। तिजोरी तोड़कर निकाले नगदी व जेवर पुलिस के अनुसार बदमाशों के घर में घुसते ही आहट पाकर मनीष शर्मा की नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाना शुरू किया तो बदमाशों ने पेट, कमर व अन्य हिस्से में चाकू से वार कर दिया। दूसरे कमरे में सो रही पत्नी पूनम ने अवाज सुनी तो पति को फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। जाकर देखा तो एक बदमाश पति के पास चाकू लेकर खड़ा था। पूनम के शोर मचाने पर बदमाशों ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। तभी बेटा सत्य जागा तो बदमाशों ने उस पर भी चाकू से हमला किया। बदमाश तिजोरी से लगभग एक करोड़ रुपए के जेवरात, नगदी लेकर भाग निकले।

### खून से लथपथ बेटे ने पड़ोसियों को दी जानकारी

आरोपियों के भागने के बाद लहूलुहान सत्य रात पौने तीन बजे बाहर निकला और पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। उसने बताया कि लुटेरे घर में घुसे थे। जिन्होंने मम्मी-पापा और मुझे चाकू मार दिया है। पड़ोसी तत्काल मनीष के घर पहुंचे। रात को ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई तो कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर सभी को जबलपुर रिफर किया गया।

### आरोपियों की तलाश में चित्रकूट पहुंची पुलिस

ऊधर आईजी उमेश जोगा के निर्देश पर जबलपुर से डीआइजी राजाराम सिंह परिहार पहुंचे और जांच का मोर्चा संभाला है। डीआईजी श्री परिहार में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह सहित कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के साथ मिलकर आरोपियों को गिरफ्त में लेने की योजना बनाई और पुलिस की अलग-अलग टीम को लगाया है। आरोपियों की लोकेशन चित्रकूट में मिलने के कारण एक टीम को चित्रकूट रवाना किया गया है।

जिला न्यायालयों में 1255 पदों की भर्ती का मामला

## सुको में अगली सुनवाई 7 जुलाई को

**जबलपुर, यशभारत।** हाईकोर्ट द्वारा जिला न्यायालयों में सहायक ग्रेड 3 एवं स्टेनों ग्राफरों के 1255 पदों पर की जाने वाली भर्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर मंगलवार को जस्टिस बेलाएम त्रिवेदी एवं जस्टिस संजीव खन्ना की कोर्ट ने सुनवाई हुई। उक्त भर्ती प्रक्रिया का रिकॉर्ड सुप्रीम कोर्ट में तलब किया है। मामलें की अलगी सुनवाई 7 जुलाई को नियत की गई। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा जिला न्यायलयो के लिए असिस्टेंड ग्रेड तीन तथा स्टेनो के 1255 पदों की भर्तियों की प्रक्रिया में वरती गई अनियमितताओं के कारण सैकड़ो आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी जिनके अंक अनारक्षित की कट आफ अंको से काफी उच्च थी को प्रारंभिक परीक्षा के घोषित परिणाम दिनांक 30 मार्च 2022 को फेल कर दिया गया था। हाईकोर्ट द्वारा प्रारम्भिक परीक्षा के जारी परिणामो मे रिवर्स रीजर्वेशन लागू करते हुए 50 प्रतिशत अनारक्षित पदों को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित कर दिए गए है। अनारक्षित एवं अनूसूचित जाति की कट आफ अंक एक सामान 73 है, तथा ओबीसी की कट आफ अंक 88 अंक है, तथा अनारक्षित पदों पर एक भी आरक्षित वर्ग का प्रतिभावान् अभ्यर्थी चयनित नहीं किया गया तथा 73 अंक से 87 अंक प्राप्त करने बाले समस्त ओबीसी अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इन मुद्दों को लेकर हाईकोर्ट में 22 याचिकाएं दायर की गई थी, जिनपर 4 जनवरी को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने याचिकाएं खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट के उक्त निर्णय के विरुद्ध ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की विधिक सहायता से सुप्रीम कोर्ट में चुनोती दी गई है। याचिकाओं में ओबीसी एडवोवट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह पक्ष रखेंगे।

## जेएनकेविवि में कृषि संगोष्ठी का आयोजन



**जबलपुर,यशभारत।** जवाहर लाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय (जेएनकेविवि) में गत दिनों गूगल मीट के माध्यम से कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जेएनकेविवि के वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि फर्मो के प्रभारी डॉ. संजय सिंह द्वारा आयोजित संगोष्ठी में डॉ. सिंह मुख्य वक्ता रहे। डॉ. सिंह ने स्लाइड के माध्यम से धान उत्पादन की विधियों, वैज्ञानिक तकनीक से किसानों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जब खेती में बारीक नजर रखनी होगी तभी खेती में लागत कम करके अधिक लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसान अब भी बीज उपचार को नहीं समझते न ही उपचार की सही विधियों को उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि यदि इसे सही तरीके से किया जाए तो कई रोगों से फसलों को बचाया जा सकता है। इस बात की भी गारंटी है कि सही बीच उपचार से 18 फीसद उत्पादन में वृद्धि निश्चित है। संगोष्ठी के अंतिम चरण में किसानों के सवालों और उनकी शंकाओं का समाधान कर उन्हें समुचित मार्गदर्शन दिया गया। भारत कृषक समाज के मार्गदर्शन सेवा सेना द्वारा फॉर्मर्स ग्रुप के माध्यम से आयोजित इस संगोष्ठी में कृषक समाज के अध्यक्ष के के अग्रवाल ने अतिथियों एवं वरिष्ठ जनों का स्वागत करते हुए जेएनकेविवि द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे उच्च गुणवत्ता के बीजों एवं किसानों के हित में किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए किसानों को इसका भरपूर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में किसानों को पानी की उपलब्धता, मिट्टी के अनुसार धान के बीच के चयन, बीज के चुनाव के लिए वैज्ञानिकों की सलाह लेने, जेएनकेविवि में हर परिस्थितियों के अनुकूल बीज की उपलब्धता, किसानों के लिए धान की खेती में बीज उपचार महत्वपूर्ण बताते हुए बताया गया कि धान में खरपतवार नियंत्रण ब?ी समस्या है इसके पूर्व वैक्सीनेशन, बाजार में नकली दवाओं की भरमार बताते हुए खरीदने में सतर्कता बरतने, हायब्रिड बीज उत्पादन के लिए जेएनकेविवि से बीज प्रोग्राम लेने की सलाह दी गई। बताया गया कि देश में केवल 8 फीसद क्षेत्र में ही हाईब्रीड उगाया जाता है जबकि चीन में 51 फीसदी रकबे में हाईब्रीड सीड लगाई जाती है, देश में हायब्रिड बनाने का काम 97 फीसद प्रायवेट सैक्टर एवं 3 फीसद पब्लिक सेक्टर में है।

## 117 मेधावी बच्चों का सम्मान

**जबलपुर, यशभारत।** श्री दस महाविद्या शक्तिपीठ कालीनंद आश्रम प्रबंधकारिणी समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुदेव पीठाधीश्वर श्री श्री 108 महंत स्वामी कालीनंद जी महाराज का पूजन अर्चन शिष्य भक्तों द्वारा किया गया। प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष कुलदीप वर्मा ने बताया कि महंत स्वामी कालीनंद महाराज चेरीटेबल के ट्रस्ट कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों द्वारा का सम्मान कॉलेज बैग, शिक्षा की अन्य सामग्री एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर 117 बच्चों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, श्रीमती प्रिया मेहरोलिया, श्रीमती रेशमा वर्मा आदि उपस्थित थे।

## डेंगू जनजागरुकता रथ रवाना

**जबलपुर, यशभारत।** जुलाई महीनें को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। डेंगू के प्रति जागरुकता लाने प्रचार रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर डॉ संजय मिश्रा के निर्देशन में डॉ राकेश पहारिया जिला मलेरिया अधिकारी जबलपुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ईएमबीईडी एनजीओ श्रीमती सुमन कोल सहायक मलेरिया अधिकारी श्रीमती पिंकी नेमा, अशोक मेहरा, सतीश देशमुख, योगेश कपूर, नवीन यादव, ब्रजेश मिश्रा एवं समस्त कर्मचारीगण मौजूद थे। डॉ राकेश पहारिया जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा इस अवसर पर एक कार्यशाला विभागीय कर्मचारियों की आयोजित की गई, जिसमें व्यापक रूप से अभियान के तौर पर मच्छरजनित बीमरियों की रोकथाम पर चर्चा की गई, डेंगू रथ के द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में घूम घूम कर जनसमुदाय में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया रोग से बचाव की जानकारी दी जायेगी। मानसून के प्रारम्भ होने व मानसून के पश्चात् मच्छरों के उत्पत्ति स्थल ब? जाने के कारण मलेरियाजन्य परिस्थितियाँ निर्मित हो जाती हैं एवं डेंगू का प्रसार अधिक होने लगता है। डेंगू निरोधक माह का आयोजन मात्र डेंगू बीमारी के नियंत्रण के उपाय के लिये ही नहीं, बल्कि मच्छरजनित अन्य बीमारियों, जैसे-फाइलेरिया, मलेरिया, चिकुनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण हेतु उपाय किए जाएंगे और लोगों को जागरुक किया जायेगा।

## परसाई केन्द्रित व्याख्यान 15 को

**जबलपुर, यशभारत।** अगस्त माह से हरिशंकर परसाई शताब्दी वर्ष आरंभ हो रहा है। इसी उपलक्ष्य में पहल के तत्वावधान में 15 जुलाई को सायं 6.30 बजे रानी दुर्गावती संग्रहालय की कला वीथिका में प्रख्यात आलोचक जयप्रकाश 'हरिशंकर परसाई की उपस्थिति' शीर्षक से व्याख्यान देंगे। मंच पर आलोचक-कवि राजीव कुमार शुक्ल व कहानीकार राजेन्द्र दानी भी उपस्थित रहेंगे। पहल परिवार ने साहित्य के इस महत्वपूर्ण आयोजन में नगर के सभी साहित्य प्रेमियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की मैं TANI GAUTAM पति NITIN GAUTAM पता प्लॉट नंबर 16 सागड़ा न्यू शास्त्री नगर जिला जबलपुर की निवासी हूं। मेरी दसवीं की अंक सूची में मेरा नाम DENIKA PANDEY पिता RAMESH CHANDRA PANDEY दर्ज हैं जो की मेरा शादी के पहले का नाम हैं। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम TANI GAUTAM दर्ज हैं शादी के बाद का नाम हैं जो की सही और पूरा नाम हैं। अत: आज दिनांक मुझे इसी नाम से जाना जावे एवम पहचाना जाएं।

सही नाम -TANI GAUTAM
गलत नाम -DENIKA PANDEY

**पश्चिम मध्य रेल** सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'निविदा सूचना, संख्या EPS/29/2023)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website "https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| Sr No | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1 | 81235510 | DIGITAL ULTRASONIC DOUBLE RAIL TESTER | 7 Nos. |
| 2 | 81235035 | Manufacture and supply of Nylon cord Reinforced Elastomeric pad | 1692 Nos. |
| 3 | 81235388 | Various Parts of Engine-VTA 1710 L, Make:- Cummins or equivalent | 23 Nos. |
| 4 | 20232582B | BRAKE HEAD BOLT M36X185 | 509 Nos. |
| 5 | 50225266 | Block Proving Digital Axle Counter | 3 Set. |
| 6 | 81235357 | ROLLER BEARING Pt. | 80 Nos. |
| 7 | 20224384D | Kit for pressure Regulator Assembly | 52 Nos. |
| 8 | 20234562A | MOUNTING PLATE WITH METALLIC BUSH | 100 Nos. |
| 9 | 10232075 | Rubber hose high pressure flexible steel wire | 327 Mtr. |
| 10 | 20224417D | SET OF HANGER LEVER PINS FOR BRAKE RIGGING | 56 Set. |
| 11 | 20224582E | Sibcos-M1300 Siemens | 2 Nos. |
| 12 | 20234240 | POWER SUPPLY GATE UNIT | 4 Nos. |
| 13 | 62231094 | BED SHEET MILL MADE WHITE BLEACHED | 135922 Nos. |

उपरोक्त सभी निविदाओं में क्र 1 की नियत तिथि- 26.07.2023, क्र 2 से 13 तक की नियत तिथि- 28.07.2023

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना

## विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था ने जीना कर दिया मुहाल : शहर- ग्रामीण क्षेत्रों के उड़े जंफर

जबलपुर, यशभारत। बिजली सप्लाई की आंख मिचौली लगातार जारी है। जिसके चलते देर रात हनुमानताल क्षेत्र में घुप्प अंधेरा छाया रहा। कारण, यहां देर रात घंटों लाइट ढप्प रही। जिसके चलते लोगों की रात की नींद उड़ गयी और करवटें बदलते हुए रात बीती। बारिश में मेंटेनेंस के कारण कटौती तो बदस्तूर जारी है। जिसके चलते शहर से लेकर ग्रामीण हल्कों तक हालात खराब है। जहां ग्रामीण क्षेत्र बरेला, पनागर, जमतरा, परतला, सिहोरा, मबई में बिजली कई बार आई और गई तो वहीं हनुमानताल में घंटों बीत जाने के बाद बिजली सप्लाई चालू हुई। अधिकारियों की मानें तो जंफर उड़ने की वजह से ऐसा हुआ था, जिसमें सुधार कार्य कर लिया गया है।

## लावारिस समझकर जिसे दफनाया,परिजन आकर मांगने लगे शव

### उलझन में फंसे गरीब नवाज कमेटी के सदस्य, प्रशासन से अनुमति के बाद दफनाया शव निकलवाया गया

**जबलपुर, यशभारत।** लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने वाली गरीब नवाज कमेटी के सदस्य समय उलझन में फंस गए जब एक शव का उनका अंतिम संस्कार कराया और उसके दूसरे दिन परिजन शव लेने पहुंच गए। हालांकि गरीब नवाज कमेटी ने प्रशासन की अनुमति लाने के बाद ही दफनाए शव को बाहर निकालकर सौंपने की बात कही। देर तक इसी बात को लेकर बुधवार को तिलवारा मुक्ति धाम में हंगामा होता रहा। गरीब नवाज कमेटी के इनायत अली, शिवम श्रीवास्तव, रियाज अली, बाबू खान, तारीक एमडी ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि सेंट नार्बर्ट पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति का शव लावारिश पड़ा हुआ है। मौके पर जाकर शव को तिलवारा ले जाकर पूरी विधि विधान से दफनाया गया। बुधवार को कुछ लोग घर पहुंचे और दफनाए गए शव को वापस मांगने लगे। इस पर आपत्ति जताते हुए उनसे कहा गया कि वह इसकी अनुमति प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से लेकर आए। परिजनों द्वारा अनुमति लाने के बाद ही दफनाए गए शव को उनके सुपुर्द किया गया।



### 10 दिन पहले विक्टोरिया में भर्ती कराया गया था

मृतक के भाई दौलतराम कुकरेजा ने बताया कि भाई हंसराज कुकरेजा बेदी नगर निवासी कैंसर से पीड़ित थे और कुछ समय पूर्व उनको मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ दिन बाद हंसराज मेडिकल से गायब हो गए और शहर में यहां-वहां घूमने लगे। ज्यादा तकलीफ होने पर कुछ दिन पूर्व वह विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती हुए थे। मंगलवार को सेंट नार्बट के पास उनकी मौत हो गई।

### अरिहंत वेयर हाऊस समिति के प्रबंधक, सहायक प्रबंधक पर धांधली का आरोप

## 1852 गेहूं की बोरिया गायब, स्लिप जमा नहीं की



### मध्यमोर्चा पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपी शिकायत

**जबलपुर, यशभारत।** पिपारिया कला अरिहंत वेयर हाऊस समिति में हुए घोटाले की शिकायत को लेकर मध्यमोर्चा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मोर्चा के सौरभ यादव, आशीष मिश्रा ने कलेक्टर को शिकायत सौंपते हुए कहा कि पिपारिया कला अरिहंत वेयर हाऊस समिति में प्रबंधक आशीष तिवारी, सहायक प्रबंधक नितिन मेहरा और मुन्ना लाल ने गरीबों को वितरित होने वाले 1852 गेहूं की बोरियों को गायब कर दिया जिसके सबूत भी मोर्चा के पास मौजूद है। इसके अलावा समिति में सामग्री की जो स्लिप जमा होती है वह भी दोनों जिम्मेदारों द्वारा नहीं की गई है। वृहताकार सहकारी समिति पिपरियाकला के आशीष तिवारी मुन्ना लाल बरकडे, मुकेश बाजपेई एवं अन्य द्वारा सांठगांठ कर धोखाधड़ी गवन घोटाले किए पिछले वर्ष खादय का खाता क्रमांक 9501100 था जबकि आज की स्थिति में खादय का खाता 70735900 है। लगभग 6 लाख से लिमिट चैक है। फिर भी इनके द्वारा जमा खर्च कराने में हीला हवाली की जा रही है। जिसे किसानों व नागरिकों को परेशान होना पडता है। अतः उपरोक्त विषय संदर्भ में उचित निष्पक्ष न्यायोचित जनहित में कार्यवाही की जाये। वृह. सह समिति पिपरियाकला प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पिपरियाकला के अनियमिताओं की सख्त से सख्त शीघ्र कार्यवाही की जाये।




## कार्यालय थाना प्रभारी थाना विजय नगर जबलपुर (मप्र)

क्रमांक- था. प्र./वि.न./जबल.//2023 दिनांक - 03.7.2023

थाना विजयनगर जिला जबलपुर में धारा 25 पुलिस एक्ट के अंतर्गत मोटर सायकिल 14, चार पहिया वाहन 01 जप्त किये गये हैं। जिनके वाहन मालिक का कोई पता न चलने से जप्त वाहनों के थाना विजयनगर थाना प्रांगण मं रखे हैं। नीलामी की कार्यवाही अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय अधारताल संभाग के निर्देशन में किया जाना है। विज्ञापन प्रसारण हेतु मय वाहन सूची प्रतिवेदन सादर प्रेषित है।

| क्र | वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार व माडल | इंजन नंबर | चेचिस नंबर | इस्तगासा क्रमांक व धारा | जप्ती दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MP20MB-5472 | बजाज प्लेटिना | DUMBNE12397 | MD2DDDZZZNWE38628 | इस्त. क्र. 01/2016 धारा-25 पुलिस एक्ट | 20.7.16 |
| 2 | MP20KH-4917 | हीरो हाण्डा पेशन प्लस | इंजन नंबर स्पष्ट नहीं है | MD62ME58A19427 | इस्त. क्र. 02/2016 धारा-25 पुलिस एक्ट | 21.7.16 |
| 3 | MP20KH-4917 | हीरो हाण्डा पेशन प्लस | इंजन नंबर स्पष्ट नहीं है | MD62ME58A19427 | इस्त. क्र. 03/2016 धारा-25 पुलिस एक्ट | 21.7.16 |
| 4 | CG04H-0540 | इंडिका कार सफेद कार की | 4751D105AUZ 7336 | 600132AUZP08860 | इस्त. क्र. 04/2016 धारा-25 पुलिस एक्ट | 20.6.16 |
| 5 | MP20KE-4546 | हीरो हाण्डा स्पेलेण्डर | 00C18M16762 | 00C20C16670 | इस्त. क्र. 04/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 21.6.16 |
| 6 | MP20MV-5594 | हाण्डा ड्रीम नीवो | JC62E81136953 | ME4JC623AE8137579 | इस्त. क्र. 04/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 21.6.16 |
| 7 | MP20MR-8508 | हाण्डा ड्रीम मो. साइकिल | JCS8E11330 | ME4JC83LC8133907 | इस्त. क्र. 05/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 23.6.16 |
| 8 | MP20NP-1341 | हाण्डा एचएफ डीलक्स | HA11EMKHF 04898 | MBLHCO22KHF03961 | इस्त. क्र. 06/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 23.6.16 |
| 9 | MP20MB-4592 | याम्हा सी आरयूएक्स | SKA6070220 | 06ESKA6070 | इस्त. क्र. 07/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 23.6.16 |
| 10 | MP20MB-5549 | बजाज पल्सर 180 सीसी | DIDBNF57304 | MD2DHDJZZNCE40829 | इस्त. क्र. 08/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 24.6.16 |
| 11 | MP20KJ-2114 | बजाज कावासाकी | DMMBJJ21483 | DMFBJJ60077 | इस्त. क्र. 09/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 25.6.16 |
| 12 | MP20KH-0988 | हीरो पुक | EB872087 | 2C889122 | इस्त. क्र. 09/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 25.6.16 |
| 13 | MP20KK-6103 | हीरो पुक डान | 03K27E2481 | 03K27E16002 | इस्त. क्र. 10/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 25.6.16 |
| 14 | MP49MA-9132 | हीरो स्पेलेण्डर | HA10EBHE 13372 | MBLHA10EE8HE13470 | इस्त. क्र. 10/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 25.6.16 |
| 15 | MP20KF-2615 | हीरो हाण्डा सीडी 100 | 00L1SE10432 13372 | चेचिस नंबर स्पष्ट नहीं है। | इस्त. क्र. 11/2023 धारा-25 पुलिस एक्ट | 25.6.16 |

थाना प्रभारी,थाना विजय नगर
जबलपुर




आज छोटे छोटे बच्चे भी कमाल कर रहे है। कोई डांस में तो कोई स्वीमिंग में धूम मचा रहा है। हर क्षेत्र में बुलंदियां छू रहे हैं। सफलता का परचम फहरा रहे है। हमारा बचपना तो छत पर चढ़कर ऐंटीना घुमाते , ये चिल्लाने में बीत गया कि अब साफ आया क्या? में अक्सर कहताहूं कि अब बेवकूफ बच्चे पैदा होना ंद हो गए है। आज के बच्चे सिखाने से नहीं बल्कि दिखाने से सीखते हैं। –मुनिश्री तरुण सागर

## संपादकीय

### चाचा बनाम भतीजे की जंग

महाराष्ट्र में अजित पवार की बगावत के बाद अब लड़ाई राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर कब्जे की शुरू हो गई है। पार्टी की स्थापना करने वाले शरद पवार भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। कुल मिलाकर अब सीधी लड़ाई चाचा बनाम भतीजे के बीच है। राकांपा में टूट और राजग के कुनबे का विस्तार करते हुए बागियों का सरकार में शामिल होना राजनीतिक अनिश्चितताओं के साथ नेताओं के सत्ता मोह को भी दर्शाता है। विधायकों का रातों-रात पाला बदलकर दूसरे की सरकार में शामिल होना बताता है कि सत्ता के लिये परिवार व पार्टी के कोई मायने नहीं हैं। लेकिन एक बात तो साफ है कि दल-बदल निरोधक कानून आया राम-गया राम की राजनीति पर अंकुश लगाने में नाकामयाब रहा है।आज दोनों गुटों में शक्ति परीक्षण चल रहा है। अजित पवार का भाग्य है कि वह 5वीं बार उपमुख्यमंत्री बने हैं। इस प्रकरण में इतिहास ने खुद को दोहराया है। शरद पवार ने अपने 'राजनीतिक गुरु' वसंत दादा पाटिल को गच्चा देकर बगावत की थी और जनता पार्टी के समर्थन से, 38 साल की युवा आयु में ही, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन बैठे थे। 1999 में उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर कांग्रेस से बगावत की थी और 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी' (एनसीपी) का गठन किया था। आज अजित पवार उसी पार्टी और चुनाव चिह्न पर दावा कर रहा है। उनके साथ पार्टी के कुल 54 विधायकों में से 40-44 के समर्थन का भी दावा किया जा रहा है। फिलहाल अजित के साथ 8 एनसीपी विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की है, लेकिन शिवसेना के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वाले गुट की तरह एनसीपी के बागी विधायकों के संवैधानिक पालाबदल का फैसला स्पीकर राहुल नार्वेकर को करना है। महाराष्ट्र की राजनीति और सत्ता में तब तक अस्थिरता और अनिश्चितता रहेगी। वैसे शरद पवार ने घोषणा की है कि वह अदालत नहीं जाएंगे। जिन्होंने बगावत की और डकैती डाली है, उनके खिलाफ समूचे महाराष्ट्र में घूम कर नया जनमत, नया नेतृत्व तैयार करेंगे। पवार में राजनीतिक माद्दा अब भी शेष है। अब करीब 83 साल की वयोवृद्ध उम्र में वह कितना सक्रिय रह पाएंगे और कितना जनमत जुटा पाएंगे, यह बहुत बड़ा सवाल है। अजित ने एनसीपी का अचानक अपहरण इसलिए नहीं किया कि शरद पवार ने बेटी सुप्रिया सुले और निकटस्थ सांसद प्रफुल्ल पटेल को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बना दिए थे।दरअसल अजित पार्टी में हाशिए पर महसूस कर रहे थे, लिहाजा करीब तीन माह पहले राजधानी दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उन्होंने मुलाकात की थी और भाजपा के साथ काम करने की मंशा जताई थी। बीते दिनों अमित शाह से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने भी मुलाकात की थी और शरद पवार का तख्तापलट करने की पटकथा को अंतिम रूप दिया था। हालांकि 23 नवम्बर, 2019 की सुबह भी अजित पवार ने मुख्यमंत्री फड़णवीस के साथ 'डिप्टी' की शपथ ली थी, लेकिन वह सिर्फ 78 घंटे का गठबंधन रहा और शरद पवार अपनी रणनीति में कामयाब रहे, लेकिन इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीति तय की गई है। विधानसभा चुनाव उसके बाद ही होने हैं। पालाबदल एनसीपी के तौर पर हुआ है, लिहाजा अजित के नेतृत्व वाली पार्टी एनडीए का घटक-दल माना

## देश का राष्ट्रत्व हिन्दू हैं :श्यामाप्रसाद मुखर्जी



डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ऐसे महान देशभक्त थे जिन्होंने राष्ट्र की एकता और अखण्डता की बलिवेदी पर अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया। वह एक साथ ही शिक्षाविद्, लेखक, सासंद, राजनीतिज्ञ और मानवतावादी कट्टर देशभक्त थे। इन्होंने विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की और शीध्र ही एक प्रख्यात शिक्षाविद् और प्रशासक के रूप में प्रतिष्ठित हो गए। उनकी इस उपलब्धि को मान्यता उस समय प्राप्त हुई जब 1934 में कलकत्ता विश्विद्यालय के कुलपति नियुक्त होने वालों में वह सबसे कम आयु के थे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र भारत के निर्माताओं में से थे। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था। वे उन नेताओं में से थे, जो खुद आगे आकर जोखिम झेलते हैं। उनके लिए भारत प्रथम था और भारत की अखण्डता और वैभव ही प्रमुख लक्ष्य। जान दे दी, पर कश्मीर जाने नहीं दिया। मंत्रीमंडल को ठोकर मार दी, लेकिन सिंद्धातों से समझौता नहीं किया। 'ज्व्हॉं, मैं हिन्दू हूॅंज्व च इस देश का राष्ट्त्व हिन्दू हैं' यह अटल सत्य हैं, पर इसका अर्थ यह नहीं कि हिन्दू किसी दूसरे मजहब या उपासना पद्धति के विरूद्ध हैं। ऐसा होता तो इतिहास ही कुछ और होता। कश्मीर हर हिन्दुस्तानी का हैं। हर दिल में कश्मीर के लिए दर्द उठना चाहिए जो हनीफुद्दीन और अजय आहूजा के दिलों में उठा।

डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन और अपने बलिदान, दोनों से ही इस देश को प्राण दिए। उनके लिए भारतीय होने का अर्थ राजनीति के कपट जाल में फॅंसना नहीं, वरन् उस कपट जाल को तोडना था। बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी कि आज जो पंजाब और बंगाल का हिस्सा भारत में दिखता हैं, उसके पीछे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखजी का जुझारूपन और आंदोलन मुख्य कारण रहे हैं। डॉ. मुखर्जी के वह शब्द इतिहास में प्रसिद्ध हैं, जब उन्होंने कहा था, ' कांग्रेस ने हिन्दुस्तान का बॅंटवारा किया और मैंने पाकिस्तान का।' इस देश का दुर्भाग्य रहा कि स्वतंत्र, किन्तु खंडित भारत की कमान उस व्यक्ति के हाथों में सौंपी गई, जिसे भारतीयता किवां हिन्दुत्व से चिढ थी और स्वयं को देश का अंतिम ब्रिटिश शासक कहलाने में गर्व का अनुभव करता था।

श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने देखा कि विभाजन की भीषण त्रासदी झेलकर जो हिन्दु भारत पहुॅंच रहे हैं और जो पाकिस्तान में रह गए हैं, उनके प्रति पंडित नेहरू बेहद उपेक्षपूर्ण और बहुत हदतक निर्मम नीति अपना रहे हैं। इस बिन्दु पर सरदार पटेल और पं. नेहरू में गम्भीर मतभेद पैदा हो गए थे। सरदार पटेल तो यहॉं तक चाहते थे कि पूर्वी पाकिस्तान से कुछ जमीन ले लेनी चाहिए। भले ही इसके लिए सशस्त्र पुलिस कार्यवाही ही क्यों न करनी पडे पं. नेहरू ने लियाकत अली से समझौताकर हिन्दुओं के भविष्य को पूरी तरह पाकिस्तानी दरिन्दों के हाथों में छोड दिया। यह देखकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आगबबूला हो उठे और उन्होंने उद्योग तथा आपूर्ति मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया। अपना त्यागपत्र देते समय उन्होंने इसके पीछे के कारणों का विस्तार से उल्लेख किया जो आज भी ऐतिहासिक तथा प्रेरणप्रद एक दस्तावेज के रूप में माना जाता हैं।

मंत्रिमण्डल से त्यागपत्र देने के बाद डॉ. मुखर्जी ने संसद में प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने का निश्चय किया। लेकिन वह जल्दी ही समझ गए कि प्रतिपक्ष की प्रभावी भूमिका निभाने के लिए संगठित पार्टी बनाना जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से वह प्रतिपक्ष के राजनीतिक मंच के गठन की संभावनाओं को तलाशने की ओर अग्रसर हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी किसी सशक्त व्यक्तित्व के नेतृत्व में राजनीतिक दल प्रारंभ किए जाने की जरूरत महसूस कर रहा था। डॉ. मुखर्जी और स्वयंसेवक संघ दोनों ही जिस बात की आवश्यकता अनुभव कर रहे थे। वह समान थी और इसी में से अक्टूबर, 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ जिसके संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मुखर्जी थे। डॉ. मुखर्जी को अपने जीवन में बडी चुनौती का समना दो वर्ष बाद 1953 में करना पडा। जम्मू और कश्मीर में शेख अब्दुल्ला की पृथकतावादी राजनीतिक गतिविधियों से उभरी अलगाववादी प्रवृत्यिां 1952 तक बल पकडने लगी थीं, जिससे राष्ट्रीय मानस विक्षुब्ध हो उठा। डॉ. मुखर्जी ने प्रजा परिषद् के सत्याग्रह को पूर्ण दिया जिसका उद्देष्य जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना था। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा था, अलग संविधान था और वहां का मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री कहलाता था।

डॉ. मुखर्जी ने जोरदार नारा बुलन्द किया थाः '' एक देश में दो निशान, एक देश में दो प्रधान, एक देश में दो विधान, नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे। '' अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त कियाः '' या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।'' अपने संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने नई दिल्ली में नेहरू सरकार और श्रीनगर में शेख अब्दुला की सरकार को चुनौती देने का निश्चय किया और पं. नेहरू से कहा कि वे जम्मू जरूर जाएंगे और बिना 'परमिट' के जाएंगे।

11 मई को रावी पर करते समय ही लखनपुर में डॉ. मुखर्जी को गिरफ्तार कर श्रीनगर जेल ले जाया गया। 40 दिन तक न उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई और न अन्य बुनियादी सुविधाएं दी गई। भारत का यह शेर श्रीनगर की जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को चिरनिद्रा में सोया गया। श्रद्धांजलि स्वरूप वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35 ए द्वारा दिए गए विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने 5 अगस्त, 2019 को मंजूरी दी। तब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे - च्ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला ऐतिहासिक कदमज कहा था। **हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार**

## खाद्य संकट के बीच उम्मीद बनता भारत

वैश्विक खाद्यान्न संकट पर प्रकाशित हो रही विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टों में वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए भारत की नई अहमियत रेखांकित हो रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के लगातार बढ़ने के कारण जो वैश्विक खाद्य संकट पिछले कई महीनों से बढ़ता जा रहा है, वह अब मई, 2023 में चीन में भारी वर्षा और बाढ़ के कारण चौपट हुई गेहूं की फसल के कारण और चुनौतीपूर्ण बन गया है। स्थिति यह है कि चीन में गेहूं की पैदावार में भारी कमी आने से चीन इस वर्ष बड़ी मात्रा में गेहूं आयात करते हुए भी दिखाई दे सकता है। ऐसे में दुनिया के अनेक देश खाद्य संकट से निपटने और अपनी खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर भारत की ओर निगाहें लगाए हुए हैं।

हाल ही में हैदराबाद में आयोजित जी-20 कृषि मंत्रियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस समय जब दुनिया के सामने खाद्य सुरक्षा की चिंताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं तब भारत बैक टू बेसिक्स एंड मार्च टू फ्यूचर की नीति के साथ देश की खाद्य सुरक्षा मजबूत बनाते हुए दुनिया की खाद्य सुरक्षा में भी मदद कर रहा है। इस सम्मेलन में सरकार का कहना था कि देश में कृषि-विविधता को बढ़ावा, कृषि क्षेत्र में प्रभावी नीतियों, डिजिटल कृषि आदि से किसानों को लाभ मिल रहा है, उससे खाद्यान्न उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है और देश में खाद्य सुरक्षा मजबूत होती जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि इस परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण क्षमता बनाने की योजना भारत ही नहीं, दुनिया की खाद्य सुरक्षा में भी मील का पत्थर साबित होगी।यह कोई छोटी बात नहीं है कि विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक संगठनों द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की सराहना की जा रही है। भारत में जहां कोरोना काल में 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त अनाज दिया गया, वहीं इस वर्ष जनवरी, 2023 से वर्षभर गरीबों की खाद्य सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए मुफ्त अनाज वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2023 में वर्षभर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो-तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की यह पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है।

निस्संदेह एक ऐसे समय में जब दुनिया के कई देशों में खाद्यान्न की कमी बनी हुई है, भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटरनेशनल फंड ऑफ एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट के मुताबिक पिछले साल 2022 में भारत ने गेहूं की भारी कमी झेल रहे दुनिया के 18 देशों को गेहूं भेजा है। आज दुनिया में जहां चीन गेहूं का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, वहीं भारत गेहूं का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, रूस तीसरे नंबर पर है। भारत दुनिया का 9वां सबसे बड़ा खाद्यान्न निर्यातक देश भी है।देश में लगातार बढ़ता हुआ रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूती प्रदान कर रहा है, साथ ही इसी आधार पर भारत से दुनिया की अपेक्षाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में 31 मई को सरकार द्वारा स्वीकृत नई खाद्यान्न भंडारण क्षमता योजना महत्वपूर्ण दिखाई दे रही है। यह योजना लगभग एक लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ शुरू होगी। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3,100 लाख टन है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। यद्यपि भारत दुनिया का प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में बहुत पीछे है। अनाज के अन्य बड़े उत्पादक देशों के पास खाद्यान्न भंडारण क्षमता वार्षिक उत्पादन की मात्रा से कहीं अधिक है। ऐसे में देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए प्रत्येक प्रखंड में 2000 टन क्षमता का गोदाम स्थापित किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की अहम भूमिका होगी। देश में अभी करीब एक लाख पैक्स हैं। पैक्स के स्तर पर भंडार गृह, प्रसंस्करण इकाई आदि कृषि व्यवस्थाएं निर्मित करके पैक्स को बहुउद्देशीय बनाया जाएगा और खाद्यान्न भंडारण में विविधता लाई जा सकेगी।ऐसे में खाद्य सुरक्षा के लिए जिन कई और बातों पर भी ध्यान देना होगा, उनमें पोषण, सतत? कृषि उत्पादन के लिए जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियां, कृषि प्रणाली मॉडल पर केंद्रित जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण, हरित तथा जलवायु अनुकूल कृषि के लिए वित्तपोषण, छोटे और सीमांत किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अवसंरचना को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए अधिक निवेश, समावेशी कृषि मूल्य शृंखलाएं, कृषि बदलाव हेतु डिजिटलीकरण, कृषि-खाद्य क्षेत्र को बदलने के लिए नई उभरती डिजिटल तकनीकों की अहमियत उभरकर दिखाई दे रही है।

**जयंतीलाल भंडारी**

## आपका राशिफल 4 जुलाई

शुभांक - 325



पं.लोकेश व्यास

**मेष** – क्रोध से बचें पिता से मनमुटाव हो सकता है भगवान शंकर को जल अर्पित करें

**वृष** – बातचीत में संयत रखें मित्रों से मतभेद हो सकता है हनुमान जी को लड्डू अर्पित करें।

**मिथुन** – जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकता है वाहन के रखरखाव में खर्च अधिक होगा भगवान शिव को जल अर्पित करें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी स्वास्थ्य का ध्यान रखें मां लक्ष्मी को लाल फूल अर्पित करें।

**सिंह** – किसी अज्ञात डर का भय रहेगा आत्मविश्वास में कमी होगी हनुमान जी के सामने धूप लगाएं।

**कन्या** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें मित्रों से सहयोग मिलने की संभावना है जरूरतमंद को दान करें

**तुला** – व्यापार में उन्नति की संभावना है माता का साथ मिलेगा मां गौरी को सिंदूर अर्पित करें

**वृश्चिक** – मन में निराशा और असंतोष के भाव रहेंगे क्रोध की अधिकता होगी भगवान गणेश की आराधना करें

**धनु** – कला और संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा परिवार का सहयोग मिलेगा पीपल में जल चढ़ाएं।

**मकर** – परिश्रम अधिक होगा किसी पुराने मित्र का आगमन हो सकता है विष्णु भगवान के पीले फूल अर्पित करें

**कुंभ** – मानसिक शांति होगी रुके हुए धन की प्राप्ति होगी कन्या को खीर खिलाएं।

**मीन** – बात का ध्यान रखें आय में कमी एवं खर्च में अधिकता होगी मां सरस्वती का ध्यान लगाएं।

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिया गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें

ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

संपर्क - 9009074786

## राजस्थान में सत्ता में वापसी और मोदी जी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी। जनता की नब्ज को भाँपने वाले भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह को यकीन है कि राजस्थान की जनता इस साल के अंत में होने वाले आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में %3डी% गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकेगी। हाल ही में राजस्थान में एक विशाल सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह विश्वास भी जताया कि नरेन्द्र मोदी का 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। शाह के आत्मविश्वास की वजह रैली में उमड़ी विशाल भीड़ थी। भाजपा के प्रमुख चुनावी रणनीतिकर ने अपने खास अंदाज में कहा कि, 'गहलोत जी, इस उम्र में इधर-उधर भाग रहे हैं। यदि इस सभा में मौजूद भीड़ का एक वीडियो उन्होंने देख लिया तो उन्हें पता चल जाएगा कि उनकी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा 2023 में राजस्थान चुनाव के साथ-साथ 2024 का लोकसभा चुनाव भी जीतेगी।' राज्य में अवैध खनन की गतिविधियां बड़े पैमाने पर चल रही हैं। राज्य सचिवालय से भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी और एक किलोग्राम सोना बरामद किया गया। गहलोत 2018 के चुनावों में अपनी पार्टी द्वारा किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। किसानों का कर्ज अभी तक माफ नहीं हुआ है, कर्ज नहीं चुकाने पर 19,000 किसानों की जमीन जब्त कर ली गई है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी और बलात्कार के मामले में भी राज्य देश में शीर्ष पर है। शाह ने गहलोत सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। राज्य सरकार पर कन्हैया लाल हत्या मामले में दोषियों को पकड़ने में देरी करने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि, 'अगर उसने एक विशेष अदालत का गठन किया होता तो आरोपियों को अब तक फाँसी पर लटका दिया गया होता। पैगंबर मोहम्मद पर निलंबित भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा की टिप्पणी का कथित रूप से समर्थन करने के लिए 28 जून को दो लोगों ने लाल की हत्या कर दी थी। कांग्रेस को अपनी वोट बैंक की राजनीति पर शर्म आनी चाहिए।' इस सच से कोई अनजान नहीं है कि कन्हैया लाल को सुरक्षा प्रदान करने में गहलोत सरकार विफल रही। राजस्थान पुलिस आतंकियों को पकड़ना नहीं चाहती थी, इसलिए मूकदर्शक बनी रही। एनआईए ने दोषियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्यमंत्री गहलोत झूठी अफवाह फैलाने में व्यस्त रहे कि संदिग्धों के खिलाफ कोई आरोपपत्र दायर नहीं किया गया है। आरोप पत्र 22 दिसंबर, 2022 को दायर किया गया था। मोदी जी के नेतृत्व और शाह की सख्त रणनीतियों के तहत जिस पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया, उस संगठन को भी राजस्थान सरकार राज्य में खुली छूट दे रखी है।







## राम कथा में पहुंचे महापौर

जबलपुर, यशभारत। परम पूज्य दद्दा जी की पावन स्मृति में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय श्री राम कथा का अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास दीदी ऋचा मिश्रा के मुखारविंद से जारी है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भी वहां पहुंचे और कथा का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि उन्हें कथा श्रवण से भगवान श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने दद्दा शिष्य मंडल को बहुत-बहुत साधुवाद दिया।


## हीरापुर वाले महाराज जी का जबलपुर आगमन

जबलपुर, यशभारत। सदगुरुदेव श्री षडमुखानंद स्वामी जी महाराज हीरापुर वालों का आज संस्कारधानी जबलपुर में शुभ मंगल आगमन हो रहा है। पूज्य श्री स्वामी जी का हीरापुर धाम से जबलपुर आगमन हो रहा है। जबलपुर प्रवास में श्री स्वामी जी नरसिंह मंदिर सिद्धा घाट में रहेंगे ।नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज (महंत नरसिंह मंदिर सिध्दाघाट शहपुरा फुलर भीटा) ने स्वागत अभिनंदन करने के लिए सभी से आग्रह किया है । श्री राजराजेश्वरी भक्त मंडल के सभी बंधु, परिवार, इष्टमित्रों सहित पूज्य गुरुदेव के स्वागत, वंदन हेतु सिद्धा घाट, शहपुरा टोल नाके के आगे, अमन वेयर हाउस के बाद बाये मुड़कर एकत्रित होने का आग्रह है । महाराज जी के स्वागत अभिनंदन करने का आग्रह नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त मंडल के श्याम साहनी ,चंद्र कुमार भनोत ,अशोक मनोध्याय, गुलशन मखीजा ,शरद काबरा, लकी भाटिया, विष्णु पटेल, प्रवेश खेड़ा, विध्येश भापकर, डॉ संदीप मिश्रा, मनोज नारंग ,जगदीश साहू, राजेन्द्र यादव नीरज मिश्रा सहित भक्तों ने किया है ।






## फिल्म वर्ग पहेली- 6214



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरूख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत नें दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'आँखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6213



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6727

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भर जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -6726 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 7768



**बाएँ से दाएँ**

1.तन,शरीर-3
3.चकोर,चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6.झगड़ा,द्वेष-3
7.मोटा आटा-2
8.खिंचाव,स्वर विस्तार-2
9.असली,शुद्ध-3
10.यंत्रशाला-4
12.कार्यविधि-3
14.चिंगारी-3
16.एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20.सम्मान-2
21.प्राण,जीवन तत्व-2
22.कुशल,होनहार-3
24.राशिचक्र की एक राशि-3
25.प्रेमी,साजन- 3

**ऊपर से नीचे**

2.अवलोकन,दरस-3
3.चलने का ढंग-2
4.तलघर-4
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.जलजला-3
7.रसीला,रस से भरपूर-4
8.बल,जोर,दम-3
10.चाचा,अंकल-2
11.शौहर,पति-3
13. 'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14.वहम,संदेह-3
15.राजा,सम्राट-3
16.उपद्रवी,आतंकी-4
17.गिरवी रखी वस्तु-3
20.बैठने की जगह-3
21.शराब का प्याला-2
23.रांझे की प्रेमिका-2

शब्द पहेली -7728 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# प्रदेश में 22 नए आइटीआई व 10 कालेज खुलेंगे

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी

■ भोपाल, यशभारत।

**प्रदेश के 22 विकासखंडों में नए आईटीआई खोले जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 3,000 रुपये की बढ़ोतरी के बाद अब उन्हें प्रतिमाह 13,000 रुपये मानदेय मिलेगा। आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानेदय में 750 रुपये की बढ़ोतरी के बाद उन्हें अब 5,750 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट बैठक में इसे स्वीकृति दी गई**


File Photo

कैबिनेट बैठक में 10 नए सरकारी महाविद्यालय खोलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। पहले से संचालित 4 सरकारी कॉलेजों में नए संकाय और 7 शासकीय कॉलेजों में स्नातकोत्तर स्तर पर नए विषय शुरु करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस हेतु 589 पद स्वीकृत किए गए।

बैठक शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना को लेकर जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन क्योंकि आज हम एक ऐसी योजना (मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना) की शुरुआत कर रहे हैं जो युवाओं में एक नया उत्साह, आशा और विश्वास भरेगी। यह अपने आप में देश का एक अनूठा प्रयोग है। इसमें युवाओं को आठ से दस हजार रुपये महीना देंगे।

युवा काम सीखेंगे और उन्हें पैसा भी मिलेगा। मुझे लगता है कि अधिकतर लोगों को तो वही काम मिल जाएगा। बड़े उत्साह के साथ कंपनी, इंडस्ट्रीज, सर्विस सेक्टर के लोग योजना से जुड़ने के लिए आ रहे हैं। आज योजना की शुरुआत कर मध्य प्रदेश फिर एक नया इतिहास रचेगा। स्किल्ड मैन पावर तैयार करने के लिए, रोजगार सिखाने के लिए और युवाओं के मन मे एक नया विश्वास पैदा होगा। इसके लिए मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं।

# सरकारी स्कूलों के शिक्षक होंगे अंग्रेजी भाषा में पारंगत

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को अंग्रेजी की अच्छी शिक्षा देने के लिए अब शिक्षकों को भी अंग्रेजी में पारंगत किया जाएगा, ताकि वे बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकें। एनसीईआरटी द्वारा सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश कोर्स संचालित किया जा रहा है। इससे न सिर्फ शिक्षक अंग्रेजी बोलना सीखेंगे, बल्कि बच्चों को भी अंग्रेजी में बोलने व पढ़ने में दक्ष कर सकेंगे। यह कोर्स सरकारी स्कूलों के अंग्रेजी के शिक्षकों के लिए अनिवार्य है। यह पाठ्यक्रम 10 माह का होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। इस पाठ्यक्रम को राज्य शिक्षा केंद्र और आंगल भाषा शिक्षण संस्थान की ओर से तैयार किया गया है। इसमें सीटों की संख्या 30 होंगी। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी कर दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार इस एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश करने के बाद शिक्षक अंग्रेजी की नई पद्धति और नवाचार सीख सकेंगे। इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र शिक्षकों को अंग्रेजी की नवीन पद्धति, नवाचार और भाषा में विभिन्न कौशल सिखाएगा। उन्हें अंग्रेजी शिक्षण, प्रशिक्षण में लगाया जाएगा। चयन प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। प्रत्येक जिले से आवेदन भेजने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्लोमा में प्रवेश ऐसे आवेदक पात्र होंगे जिनकी उम्र एक जुलाई 2023 को 50 वर्ष से अधिक न हो। साथ ही अंग्रेजी में पीजी की डिग्री हो।

# सिंधिया के गढ़ में 22 जुलाई को होगी प्रियंका गांधी की सभा

## राहुल गांधी सहित वरिष्ठ नेताओं की सभाएं होंगी संभागीय मुख्यालयों पर

■ भोपाल, यशभारत।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का गढ़ कहे जाने वाले ग्वालियर में अब कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की जनसभा होगी। इसके लिए 22 जुलाई की तिथि तय की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित वरिष्ठ नेताओं की सभाएं संभागीय मुख्यालयों पर होंगी। यह जानकारी पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ के आवास पर सोमवार को हुई राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में दी गई। समिति की बैठक में भाग लेने के लिए केसी वेणुगोपाल विशेष तौर पर भोपाल आए थे। इसके पहले उन्होंने कमल नाथ के साथ अलग से चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा सरकार में हो रहे 50 प्रतिशत कथित भ्रष्टाचार को प्रमुखता से उठाया जाएगा। तथ्यों के साथ आरोप पत्र जारी कर प्रश्न उठाए जाएंगे। पेट्रोल, डीजल, सब्जी सहित प्रतिदिन के उपयोग में आने वाली वस्तुओं की बढ़ती कीमत को मुद्दा बनाएं। सहयोगी संगठन सक्रिय भूमिका निभाएं।



जिन सीटों पर पार्टी को लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है, वहां वरिष्ठ नेता ध्यान दें। सभी प्रभार के क्षेत्रों में दौरे बढ़ाएं। मतदाता सूची के काम पर पैनी नजर रखें। मतदान केंद्र स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें और सरकार में आने पर पार्टी ने सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली फ्री और दो सौ यूनिट आधी दर पर देने, महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह, पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, पुरानी पेंशन बहाली, किसानों की ॠण माफी की जो गारंटी दी है, उसे घर-घर तक पहुंचाने का काम करें। बैठक में बताया गया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रम संभागीय मुख्यालयों पर होंगे। जबलपुर के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा 22 जुलाई को ग्वालियर आएंगी।

# शिशु गहन चिकित्सा इकाई में लगी आग, बडा हादसा टला

**भोपाल (ईएमएस)।** प्रदेश के अशोकनगर जिले के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में सोमवार की रात अचानक आग लग गई। आग से होने वाला बडा हादसा टल गया। जब एसएनसीयू वार्ड में आग लगी तब 18 नवजात शिशु भर्ती थे। ऐसे में कुछ भी हो सकता था। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट के चलते लगी । आग एक बार्नर में लगी जिसकी ऊपर एक नवजात शिशु रखा हुआ था। जब समय आगजनी की घटना हुई उस समय एसएनसीयू वार्ड में 18 बच्चे मौजूद थे। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। अंदर से नर्सो द्वारा जब सुरक्षा गार्डो को आवाज दी गई तो आनन-फानन में कोई विकल्प न बचने के कारण तत्काल मैनलाइन को बंद करते हुए जो अग्निशमन यंत्र रखे थे उनसे आग को बुझाया गया। इस अफरातफरी के माहौल में अंदर एक बच्चे को फीडिंग करा रही मां ने जब यह दृश्य देखा तो वह अपने बच्चे को लेकर चिल्लाते हुए बाहर की तरफ भागी की अंदर आग लग गई। इसके बाद बड़ी संख्या में जिन लोगों के बच्चे अंदर भर्ती थे, वह सब लोग गेट पर आ गए।

# कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में बनी रणनीति

## हारी हुई 66 सीटों पर पहले घोषित होंगे प्रत्याशी

■ भोपाल, यशभारत।



मप्र के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी चेहरों पर अंतिम दौर की चर्चा करने में जुटी है। भोपाल में सोमवार शाम पीसीसी चीफ कमलनाथ के बंगले पर कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के अलावा प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ, प्रभारी महासचिव जेपी अग्रवाल, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, सुरेश पचौरी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह मौजूद रहे। सूत्रों का कहना है कि बैठक में निर्णय लिया गया कि पिछले 5 साल से लगातार हार रही 66 सीटों पर पहले प्रत्याशी घोषित किया जाएगा।

बताया जाता है कि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नामों पर भी चर्चा हुई। खासतौर पर इनमें उन 66 सीटों पर अंतिम दौर की चर्चा की गई है, जो लंबे समय से कांग्रेस हारती आ रही है। इन सीटों पर जाकर दिग्विजय सिंह खुद दौरे और बैठकें करके रिपोर्ट बना चुके हैं। रिपोर्ट के बाद अब इन सीटों पर चेहरों को फाइनल किया जाएगा।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- 17-18 जुलाई को बेंगलुरू में बैठक प्रस्तावित है, जिसमें इसकी प्लानिंग की गई। एनसीपी के नेताओं के शिंदे सरकार में शामिल होने पर वेणुगोपाल ने कहा कि इससे क्या फर्क पड़ता है। अपोजिशन यूनाइटेड है, कोई बिखराव नहीं है। हम प्लान कर रहे हैं।

# योगाचार्यों का सम्मान

भोपाल(ईएमएस)। चेम्पियन योगाचार्य डॉ. केएम गांगुली और प्रोफेसर गोविंद प्रसाद गुप्ता की याद में योगाचार्यों का सम्मान किया गया। इस मौके पर योग अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष सिकंदर अहमद ने परिषद द्वारा किए जाने वाले कार्य तथा अब तक के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और जन सामान्य के सहयोग से योग अनुसंधान परिषद ने अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। श्री अहमद ने बताया कि योग आज के समय में रोजगार के साथ-साथ आय का भी साधन बन गया है। श्री अहमद ने बताया कि विधायक श्री शर्मा और नगर निगम अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी के सहयोग से योग अनुसंधान परिषद में काफी कार्य किए गए हैं। वहीं इस मौके पर योगाचार्यों का सम्मान करने के बाद नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि भारत ही एक मात्र ऐसा देश है जो सबके कल्याण की बात करता है। एक तरफ कोरोना काल में चीन ने जब रोग दिया तब भारत ने निरोग होने का न सिफ मंत्र दिया बल्कि रोग से निपटने के लिए विश्व को वैक्सीन भी दी। कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक पीसी शर्मा ने कहा कि मैं पिछले 30 वर्षो से योग अनुसंधान परिषद से जु?ा हुआ हूं। पहले गांगुली जी, फिर गुप्ता जी और अब युवा और अध्यक्ष सिकंदर अहमद ने संस्था को नित्य नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया। मुझे याद है कि एक बार में अमेरिका दौरे पर गया था वहां एक उपध्याय जी जो आईसीयू में भर्ती थे उनको मैंने बाद में संस्था में योग करते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि अच्छे और पवित्र कार्यो के लिए समाज का हर वर्ष अगर मिलकर कार्य करे तब योग अनुसंधान परिषद जैसी संस्थाओं का जन्म होता है।

# मुख्यमंत्री शिवराज ने किया सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ




## बोले- बेटा-बेटियों को पंख देने आया हूं

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश में मंगलवार से मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना शुरू होने जा रहा है। इसके लिए राजधानी के रवींद्र भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर इस योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने एक युवा का खुद पोर्टल पर कराया पंजीयन।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मेरे बेटा बेटियों मेरे और आपके रिश्ते प्यार के रिश्ते है। आई लव यू। युवाओं को बेहतर भविष्य मिले इसके लिए प्रधानमंत्री और मैं भी लगा हूं। बेहतर शिक्षा कैसे मिले इसके प्रयास कर रहे हैं। सांसद रहते विदिशा के स्कूल में गया और बच्चों से पूछा गंगा कहा से निकलती है, बच्चों ने कहा गंगा विंध्याचल से निकली। गुरुजी से पूछा तो उन्होंने कहा 500 रुपये वेतन में गंगा जी विंध्याचल से निकलेगी। हमने शिक्षकों का वेतन बढ़ाया, शिक्षा बेहतर की। हमने लैपटाप दिए लेकिन जब मामा नहीं था, तो लैपटाप छिन गए थे। हम अब प्रथम आने पर बेटियों के साथ साथ बेटों को भी स्कूटी देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की पढाई में कोई बाधा नहीं आने दूंगा। पढ़ाई के बाद बड़ा विषय है रोजगार। मैं आज इसी पर बात करने आया हूं। हम एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती कर रहे हैं और यह भर्ती लगातार होगी। लेकिन सरकारी पद सीमित होते है इसलिए हमने उद्यम क्रांति योजना लाई है, स्वयं के उद्योग लगाओ, स्टार्टअप शुरू करो। सरकार भरपूर मदद करेगी।

सीएम शिवराज ने कहा कि हम तेजी से मध्य प्रदेश की धरती पर निवेश ला रहे है। 15 लाख 42 हजार 550 करोड़ का निवेश लाने का कमिटमेंट हुआ है। निवेश ला रहे हैं। इसके लिए प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता बढ़ेगी। उसके लिए युवाओं को स्किल्ड भी किया जाएगा। कुछ लोग कहते हैं कि हम बेरोजगारी भत्ता देंगे, और इतने बैरियर लगा देते हैं कि भत्ता मिलता ही नहीं है। चिड़िया अपने बच्चों को घोंसला नहीं पंख देती है, इसलिए बेटा-बेटियो, मैं आज तुम्हे पंख देने आया हूं। इसलिए हमने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना बनाई है। इसके लिए पोर्टल भी बन रहा है, पोर्टल पर उद्योग अपने यहां वेकेंसी भी बताएंगे, इन वेकेंसियों में बच्चों को रखेंगे। जिसकी जैसी योग्यता होगी वैसा काम मिलेगा। ऐसे 700 काम है। यह कंपनी युवाओं को काम सिखाएगी। काम सीखने के दौरान आठ से 10 हजार रुपये भी दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह देश और दुनिया की अनूठी योजना है। आज यह योजना प्रारंभ कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो सुधार भी कर लेंगे। मैं उद्योगपतियों से आह्वान करता हूं कि आइए मप्र में निवेश करें, मध्य प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा है। हर एक प्रतिष्ठान को पूरी तरह से वेरिफाई करके ही जोड़ा जाएगा। योजना की लांचिंग से पहले सीएम शिवराज ने प्रदेश के युवाओं के नाम अपने संदेश में कहा कि देश का अनूठा प्रयोग है मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना। आज का दिन मध्यप्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। आज से प्रदेश में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू हो रही है।

# मप्र के चार संभागों में तेज बारिश के आसार

## प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय

■ भोपाल, यशभारत।



मध्यप्रदेश के चार संभागों में तेज बारिश के आसार बन रहे हैं। मध्यप्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय है। मानसून द्रोणिका वर्तमान में बीकानेर, दोसा, ग्वालियर, सीधी, अंबिकापुर, बालेश्वर से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। इसके अतिरिक्त अलग-अलग स्थानों पर चार मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाली कोई विशेष मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। इस वजह से प्रदेश में कहीं भी तेज वर्षा होने की संभावना नहीं है। हालांकि, नमी बरकरार रहने के कारण बादल बने हुए हैं। बुधवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। दो दिन बाद प्रदेश में फिर वर्षा का दौर शुरू होने की संभावना है।

पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि इन मौसम प्रणालियों का विशेष प्रभाव नहीं पड़ने के कारण प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में कमी आ गई है। हालांकि, वातावरण में नमी मौजूद रहने के कारण कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो रही है। मंगलवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन एवं सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं तेज बौछारें पड़ने की संभावना है। उधर, उत्तर प्रदेश पर बने चक्रवात के एक- दो दिन में मप्र में प्रवेश करने की संभावना है। उसके असर से प्रदेश में फिर वर्षा का सिलसिला शुरू हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में मानसून ट्रफ लाइन ग्वालियर, सीधी से होकर गुजर रही है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश के मध्य में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात में बना हुआ है।

## ट्रेड लाइसेंस फीस लेने पर हाईकोर्ट का स्थगन

भोपाल (ईएमएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सड़क की चौड़ाई के हिसाब से दुकान का ट्रेड लाइसेंस लेने की वसूली को हाईकोर्ट ने वसूली को रोक दिया है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स की याचिका पर न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने स्थगन आदेश जारी करते हुए, नगर निगम भोपाल को नोटिस जारी जवाब मांगा है। नगर निगम द्वारा लाइसेंस फीस की वसूली की यह व्यवस्था 2021 में लागू की गई है। व्यापारी इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। नगर निगम भोपाल द्वारा जब इस मामले में कोई सुनवाई नहीं की गई,तो भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स, फेडरेशन आफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने मिलकर यह याचिका मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दायर की है। जहां से नगर निगम की वसूली पर स्थगन जारी किया है।

## नौकरानी ने की थी साढ़े सात लाख की चोरी, सह-आरोपित पति भी गिरफ्तार

भोपाल , यशभारत। मिसरोद थाना इलाके में एक जुलाई को एक घर से साढ़े सात लाख रुपये की चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। वारदात को घर में खाना बनाने वाली नौकरानी ने अंजाम दिया था। इस काम में उसके पति ने भी उसका साथ दिया था। उसके घर से चोरी के 3,30,000 रुपये नकद बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने नौकरानी और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। मिसरोद थाना पुलिस के मुताबिक शालीमार फोर्टलिजा निवासी विजय वासवानी मार्केटिंग का काम करते हैं। वह अपने दो छोटे भाइयों के साथ रहते हैं। विजय ने शिकायत में बताया था कि उन्?होंने अपने भाई की फीस जमा करने के लिए साढ़े सात लाख रुपये अलमारी के लाकर में रखे थे।

## मनीष गोयल मप्र कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के रायसेन जिला अध्यक्ष नियुक्त

भोपाल, यशभारत। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर व्यापार एवं उद्योग संगठनों के समन्वयक गोविंद गोयल और प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी जे.पी. धनोपिया एवं मप्र कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय चौर?िया द्वारा प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर, प्रकाश जैन की उपस्थिति में मनीष गोयल को मप्र कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ का रायसेन का जिला अध्यक्ष नियुक्त कर नियुक्ति पत्र जारी किया गया।मनीष गोयल से अपेक्षा की है कि वे अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ख?गे और पूर्व अध्यक्षद्वय श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी की भावनानुसार और कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति अनुसार संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।साथ ही जिले के उद्योग और व्यापार से जुड़े व्यक्तियों को कांग्रेस पार्टी से जो?ने का कार्य करेंगे। समय-समय पर कांग्रेस द्वारा आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन और आंदोलनों में जिला कांग्रेस संगठन के साथ समन्वय स्थापित कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करेंगे और कांग्रेस संगठन की मजबूती और गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करेंगे।

# बुधनी में 13 करोड़ से अधिक की लागत से सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण के कार्य पूर्ण

## प्रज्जवल योजना से पारेषण और वितरण प्रणाली की बदलेगी तस्वीर

■ भोपाल, यशभारत।

बुधनी क्षेत्र में प्रत्येक उपभोक्ता को पर्याप्त वोल्टेज पर निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिले इसके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी दिन-रात काम कर रही है। कंपनी द्वारा राज्य शासन के संकल्प को पूरा करने की दिशा में प्रज्जवल योजना के तहत बुधनी क्षेत्र में लगभग 13 करो? से अधिक के विद्युत प्रणाली सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण के विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इन विकास कार्यो से बुधनी क्षेत्र में विद्युत वितरण की व्यवस्था मजबूत होगी जिससे एक ओर उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिलेगी वहीं दूसरी ओर ब्रेकडाउन कम होंगे और प्रणाली की क्षमता वृद्धि से उपभोक्ताओं को सीधे फायदा मिलेगा।गौरतलब है कि च्च्प्रज्जवल योजनाज्ज के अंतर्गत सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण के कार्यो में 13 करो? की लागत से शाहगंज, बुधनी, रेहटी एवं नसरूल्लागंज में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे हैं। जिससे शाहगंज में 11 के.व्ही. के घरेलू फीडर का विभक्तिकरण कर फीडरों का भार 50 प्रतिशत तक विभाजित किया गया है। इसके साथ ही 8 नवीन वितरण ट्रांसफार्मरों की स्थापना एवं 7 वितरण ट्रांसफार्मरों का उन्नयीकरण किया गया है। वहीं नसरूल्लागंज में 0.8 कि.मी. 33 के.व्ही. उच्चदाब लाईन की स्थापना, 13.0 कि.मी. 11 के.व्ही. लाईन, 18 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर, 20 वितरण ट्रांसफार्मरों का उन्नयीकरण एवं 18.0 कि.मी. निम्नदाब लाईन का विस्तार का कार्य किया गया है। इसी प्रकार बुधनी में 12.0 कि.मी. 11 के.व्ही. लाईन, 14 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर, 22 वितरण ट्रांसफार्मरों का उन्नयीकरण एवं 16.80 कि.मी. निम्नदाब लाईन का विस्तार कार्य किया गया है। जबकी रेहटी में 5.45 कि.मी. 11 के.व्ही. लाईन, 10 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर, 12 वितरण ट्रांसफार्मरों का उन्नयीकरण एवं 8.0 मी. निम्नदाब लाइन के विस्तार के इन कर्यो से वोल्टेज में कमी, फ्यूज जाने की समस्या एवं अत्यधिक ट्रिपिंग की समस्या से निजात मिलेगी।




कंपनी ने बताया है कि च्च्प्रज्जवल योजनाज्ज के तहत बुधनी क्षेत्र में प्रणाली उन्नयनीकरण के तहत शाहगंज, बुधनी, रेहटी एवं नसरूल्लागंज मे 11 के.व्ही. लाईन, 33 के.व्ही. लाईन का विस्तार, नवीन वितरण ट्रांसफार्मरों की स्थापना एवं उन्नयीकरण के कार्य पूर्ण किये गये हैं। इससे फीडरों पर अधिक भार की समस्या में कमी आने के साथ ही फीडरों का भार लगभग 50 प्रतिशत तक नियंत्रित किया गया है। कंपनी द्वारा कृषि कार्यो के लिए घोषित अवधि में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

## भ्रष्टाचार करने वाले दलों ने गठबंधन नहीं ठगबंधन किय :शिवराज

भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में भ्रष्टाचार करने वाले दलों ने गठबंधन नहीं ठगबंधन किया है। भ्रष्टाचार और बेइमानी करने वाले लोग समान स्वार्थो के कारण इकट्ठे हो रहे हैं। इनका स्वार्थ है कि मारे न जाएं, पकड़े न जाएं। ऐसा गठबंधन जब बनता है तो वह बेमेल हो जाता है। वैचारिक नहीं होता। इसमें अच्छे लोग बेचैन हो जाते हैं। इन्हीं में कई लोग होते हैं जो राष्ट्रीय हित में निर्णय लेते हैं। वह महाराष्ट्र में हाल ही में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के संदर्भ में यहां मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे।

शिवराज ने कहा कि महाराष्ट्र में जो हुआ, वह कर्मो का परिणाम है। अब विपक्ष महाराष्ट्र में बिल्कुल खत्म है। शिवसेना भी गई। एनसीपी भी गई। देश मोदीजी के पीछे खड़ा है। बाकी जगह भी अब देखिए क्या होता है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पिछले सप्ताह भोपाल में कहा था कि भ्रष्टाचार करने वाले दल इकट्ठे होकर बहुत सी गारंटी दे रहे हैं।सबसे बड़ा सर्वे मेरा, भारी बहुमत से जीतेगी भाजपापत्रकारों के एक प्रश्न पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सबसे बड़ा सर्वे मेरा है।

# महिलाओ की सुरक्षा हेतु भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा उचित प्रयास किये जा रहे हैं -महापौर श्रीमती राय

■ भोपाल, यशभारत।

**- महिला थाना की नई कार्यप्रणाली तथा महिला उर्जा हेल्प डेस्क इत्यादि व्यवस्था देखकर अत्यंत खुशी हुई महापौर**

महिला सुरक्षा व बाल संरक्षण हेतु भोपाल पुलिस कमिशनरेट द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियान व योजनाओं से प्रभावित होकर भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय ने आज दोपहर नव सुसज्जित महिला थाना का मुआयना किया एवं महिला थाने मे संचालित उर्जा हेल्प डेस्क, काऊंसलिंग रूम, वैटिंग रूम इत्यादि शाखाओं का निरीक्षण किया तथा पी?त महिलाओं से बातचीत कर संतोष वयक्त किया। इस दौरान भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा संचालित अभियान सहयोग, आशा, सृजन, स्टूडेंट इंटर्नशिप इत्यादि योजनाओं व अभियानों का प्रेजेन्टेशन दिया गया।भ्रमण उपरांत भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में महिलाओं की सुरक्षा व बाल संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है जो कि बेहद अनुकर्णीय तथा प्रशंसनीय हैं। मैंने कल्पना भी नही की थी कि महिला थाना इतना स्वच्छ, व्यवस्थित व सुसज्जित होगा। थाने पर आगंतुकों व पी?ताओं की सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। भोपाल की जनता के लिए जितनी सुविधायें होना चाहिये, भोपाल पुलिस कमिश्नरेट ने इससे कहीं ज्यादा व्यवस्था की है। भोपाल की जनता से मेरा आग्रह हैं। सभी परिवार आपसी सामंजस्य एवं प्रेम से रहे। किसी के साथ ऐसी अभद्रता या प्रताड़ना न हो कि उन्हे महिला थाने आने की जरूरत पड़े। परिवार में अगर कोई जिम्मेदारी मिली हैं तो उसे निष्पक्ष होकर निभाएंगे तो महिला थाने आने की कभी जरूरत नहीं पड़ेगी। मैने यहां आकर देखा कि कुछ केस अगर थाने पर आ भी रहे है तो उन्हे एनजीओ के काऊंस्लर भी कोशिश करते है कि किसी का परिवार न टूटे एवं काऊंलिंग कर आपसी सुलह कराने का प्रयास करते हैं।श्रीमती राय ने महिला स्टॉफ से बातचीत की एवं उन्हे प्रोत्साहित किया। भोपाल पुलिस द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओ के साथ जो प्रयास किये जा रहे हैं उसके अंतर्गत बचपन, उदय, संगीनी व आरम्भ के पदाधिकारियों ने भी महापौर से मिलकर पुलिस के साथ संयुक्त रूप से चलाई जा रही समस्त गतिविधियों व योजनाओं की जानकारी साझा की।इस

## आपराधिक सक्रिय गिरोह, गुलेल से कार का कांच तोड़कर कार में रखा सामान कर रहे चोरी

भोपाल, यशभारत। दिनांक 03/07/2023 को भोपाल में 4 सदस्यीय आपराधिक सक्रिय गिरोह, जो कि गुलेल से कार का कांच तोड़कर कार में रखा सामान चोरी कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में चार संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं, जो घटना के दौरान कैप लगाए हुए हैं। ब्लू कलर का जींस और व्हाइट कलर की शर्ट पहने हुए हैं। संदिग्ध व्यक्तियों की उम्र 30-40 साल की प्रतीत हो रही है।जिस किसी के साथ इस प्रकार की घटना घटित हो तुरंत थाने में शिकायत करें एवम् जिस किसी थाने में इस प्रकार की सूचनाएं प्राप्त हो। तुरंत थाना टीटी नगर (सुनील रघुवंशी 8602744849) से संपर्क करें। साथ ही उक्त हुलिये के संदिग्ध कहीं नजर आते हैं तो कृपया तत्काल पुलिस कण्ट्रोल रूम 07552555822, 9479990454 पर सूचित करें।

# सफाई कर्मचारी आयोग ने ली अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों की बैठक

**नरसिंहपुर, यशभारत।** मप्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों व सफाई कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में जनप्रतिनिधि, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, जिला पंचायत, जिला चिकित्सालय, पुलिस, आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी व सफाई कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी, संविदा, आउट सोर्स सफाई कर्मचारियों के वेतन, अनुकम्पा, ग्रेजुयटी, पुनर्वास एवं शासन के नियम व निर्देशों के तहत सफाई कर्मचारियों की मृत्यु होने, बीमार होने या अपंगता होने के कारण पर उनके परिवार के सदस्य को नौकरी पर रखने पर चर्चा हुई। सफाई



कर्मचारियों का ईपीएफ एवं एनपीएस समय पर काटा जाये व उन्हें इसका लाभ दिया जाये। जिन कर्मचारियों के 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें स्थायी करने की कार्रवाई की जाये। साथ ही सभी विभागों में रिक्त पदों को भरा जाये। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों को प्रत्येक माह की एक तारीख से 5 तारीख तक के बीच समय पर वेतन दिया जाये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आउट सोर्स कर्मचारियों को शासन द्वारा जो दर निर्धारित किया गया हैए उन्हें उसी दर के आधार पर समय पर वेतन दिया जाये। श्री करोसिया ने कहा कि इसके लिए जिले में महर्षि वाल्मीक भवन बनाया जाये, जिसमें सफाई कर्मचारियों के परिवारों के लिए मंच मिले, जिसमें वे अपने समाज की विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित कर सकें। बैठक में सफाई कर्मचारियों ने अपने-अपने सुझाव दिये, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

# वीर जयंती मनाई गई

**बाजार मंदिर जी में हुआ आयोजन**

**पनागर, यशभारत।** चरम तीर्थंकर भगवान महावीर को बैशाख शुक्ला 10 को केवलज्ञान की प्राप्ति के उपलक्ष्य में देवों ने राजगृही नगरी के विपुलाचल पर्वत पर समोशरण की रचना कर दी, लेकिन गणधर के अभाव में उन की दिव्य ध्वनि नहीं खिरी । सौधर्म इंद्र के प्रयास से जब आषाढ़ पूर्णिमा को प्रकाण्ड विद्वान गौतम अपने 500 शिष्यों सहित वहाँ आए, तब मानस्तंभ के दर्शन मात्र से उन का अभिमान विगलित हो गया। उन्होंने शिष्यों सहित मुनि दीक्षा ले ली। वे महामना गौतम स्वामी महावीर प्रभु के प्रमुख गणधर बन गए। यह दिवस जैन संस्कृति में गुरु पूर्णिमा के नाम से विख्यात हो गया। तब दूसरे दिन श्रावण कृष्णा प्रतिपदा (एकम् ) को तीर्थंकर महावीर की दिव्य ध्वनि खिरी, जिस से सर्वत्र धर्म



की प्रतिष्ठा हुई एवं भव्य जीवों का कल्याण हुआ। भगवान महावीर के धर्मतीर्थ शासन की स्थापना हुई। तब से श्रावण कृष्णा प्रतिपदा (एकम् ) को वीर शासन जयंती के रूप में समग्र जैन समाज द्वारा प्रति वर्ष सोल्लास मनाया जाता है इसी तारतम्य में आज नगर के बाजार मंदिर स्थित श्री 1008 नेमिनाथ जिनालय मैं वीर जयंती मनाई गई इस पुण्य अवसर पर समाज के लोगों ने पूजन शांतिधारा की एवं नगर की शांतिनाथ महिला मंडल द्वारा सामूहिक पूजन किया गया समाज की महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती समीक्षा चौधरी रजनी मोदी शालिनी लश्गरी मनीषा मोदी राजकुमारी चौधरी मां चमेली बाई बड़कुल सहित बच्चियों महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## श्रावण मास का शुभारंभ

**तेंदूखेड़ा यशभारत।** भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन अभिषेक का पावन मास श्रावण मास का आगाज हो चुका है। इस बार श्रावण मास के साथ पुरूषोत्तम मास भी साथ साथ चलेगा। जिस कारण से यह श्रावण मास 60 दिवस का होगा। श्रावण मास के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं द्वारा नगर के विभिन्न शिवालयों मे शिवाभिषेक पूजन कार्यक्रम संपन्न हुये। यह क्रम नगर मे पूरे मास भर अनवरत चलेगा। वहीं नगर के श्रीराम रसिया भक्त मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड श्रृंखला की प्रस्तुति प्रतिदिवस नगर मे आध्यात्मिक सांस्कृतिक और रामचरित मानस के प्रति लोगों को जोड़ने पिछले कई वर्षो से चलाई जा रही है। बड़ी सख्या मे युवा शामिल हुआ करते है। प्रथम दिवस श्री हनुमान मंदिर दादा दरवार से यह श्रंखला प्रारंभ की गई जो अनवरत जारी रहेगी।

# कुपोषण दूर करने में मुनगा एक रामबाण औषधि

**नरसिंहपुर यशभारत।** कुपोषण दूर करने में मुनगा एक रामबाण औषधि है। यह अनेक पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण उपयोगी, स्वास्थ्यवर्धक एवं एक बारहमासी सब्जी देने वाला पेड़ है। विशेषज्ञों के अनुसार यह दुनिया का सबसे उपयोगी पौधा है। अफ्रीकन देशों में इस पौधे को माताओं का सबसे अच्छा दोस्त के रूप में माना जाता है। पश्चिमी देशों में इसे न्यूट्रीशियन डायनामाईट के रूप में भी जाना जाता है। यह पौधा सभी प्रकार की मिट्टी में उगाया जा सकता है। मुनगा की पत्तियां शिशुओं और बढ़ते हुए बच्चों के लिए टॉनिक का कार्य करती है। इसकी पत्तियों के 25 ग्राम चूर्ण से 42 प्रतिशत प्रोटीन, 125 प्रतिशत कैल्शियम, 6 प्रतिशत मेग्निशियम, 74 प्रतिशत आयरन, 41 प्रतिशत प्रोटेशियम, 272 प्रतिशत विटामिन ए और 22 प्रतिशत विटामिन सी की पूर्ति होती है। इसकी पत्तियों का छना हुआ रस दूध में मिलाकर देने से बच्चों की हड्डियां स्वस्थ एवं मजबूत होती हैं। मुनगे की पत्तियों का रस बच्चों के पेट से कीड़े निकालता है एवं उल्टी- दस्त को रोकता है। महिलाओं को मुनगा के नियमित सेवन से शरीर को आवश्यक कैल्शियम, विटामिन, आयरन एवं अमीनो अम्ल प्राप्त होते हैं। इसकी सब्जी के सेवन से दूध पिलाने वाली माताओं का दूध स्त्राव बढ़ जाता है। मुनगा की पत्तियों का रस गर्भवती माताओं को देने से प्रसव में होने वाली समस्या से राहत मिलती है एवं प्रसव उपरांत तकलीफ कम होती है। यह गर्भाशय की शिथिलता समाप्त करने में सहायक होता है। कुपोषण दूर करने में विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे मुनगा की पत्ती के पराठे, मुनगा की कड़ी, भजियें, बडे, सब्जी, सूप, बिस्किट, लड्डू आदि तैयार किये जा सकते हैं। मुनगा की छाल, पत्ती, गोंद, जड़ आदि से आयुर्वेदिक दवाईयां तैयार की जाती हैं। आयुर्वेद में मुनगे से 300 रोगों का उपचार संभव है। इसके बीज से पानी को काफी हद तक शुद्ध करके पिया जा सकता है। मुनगा का फूल पेट और कफ रोगों में, इसकी फल्ली वात व उदरशूल में, पत्ती नेत्ररोग, मोच, साइटिका, गठिया आदि में उपयोगी है। ब्लड प्रेशर और मोटापा कम करने में भी कारगर है। इसकी पत्तियों के रस के सेवन से मोटापा धीरे- धीरे कम होने लगता है। इसकी सब्जी खाने से गुर्दे और मूत्राशय की पथरी कटकर निकल जाती है।



# सीखो कमाओ योजना का कॉलेज में छात्रों ने देखा सीधा प्रसारण

**पनागर, यशभारत।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में ''मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ'' योजना का सीधा प्रसारण कक्ष क्रमांक-10 में आयोजित किया गया। जिसमें श्रीमान् गोवर्धन खेटपाल जी अध्यक्ष जनभागीदारी समिति व श्री गुरल खत्री जी एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन एवं सीखों कमाओं योजना में युवाओं के पंजीयन का शुभारंभ का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम के पश्चात जनभागीदारी अध्यक्ष महोदय द्वारा




मुख्यमंत्री सीखो-कमाओं योजना के तहत अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को योजना में पंजीयन कर लाभान्वित होने व स्वरोजगार की राह पर चलने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में लगभग 70 छात्र-छात्रायें एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# निजी प्रकाशकों की चला रहे पुस्तकें

**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यशभारत।** एक जुलाई से विधिवत स्कूल खुलते ही जहां सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के टोटे से लेकर विभिन्न प्रकार की विसंगतियां देखने को मिल रही है। वहीं प्राइवेट स्कूलों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चिन्हित दुकानों से ही खरीदने, महंगी पुस्तकें कापी के कारण पालक परेशान देखे जा रहे हैं।

पालकों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि क्षेत्र में विभिन्न प्राइवेट शैक्षणिक संस्थायें संचालित है जिनमें निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाई जाती है, उक्त पुस्तकें काफी महंगी मिलती है और चिन्हित दुकानों पर ही मिल रही है। स्कूल संचालकों के द्वारा इनकी सूची सभी दुकानों पर जारी नहीं की गई है। पहली से पांचवीं तक की पुस्तकें कापी पच्चीस सौ रुपए से पांच हजार तक पड़ रहा है। इनमें दुकानदारों और संचालकों के बीच अच्छी कमीशनखोरी है। शिक्षा के नाम पर गुणवत्ता की फ्लेक्स, पंपलेटों, और बाल पेंटिंग के माध्यम से पालकों को रिझाने वाले केवल शोषण ही कर रहे

## प्राइवेट स्कूलों में चल रही खुली कमीशनखोरी

हैं। कुछ ऐसी संस्थायें भी रही जो मोटी रकम लेकर बच्चों का दाखिला लेकर बीच सत्र में ही संस्था बंद करके भाग निकले हैं।बीच सत्र में प्रवेश को लेकर मौके का फायदा उठाकर पालकों से जम कर मनमाफिक फीस वसूली गई।

### बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

स्कूलों में लाने ले जाने को लेकर आये दिन सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में कई गंभीर हादसे हुए है, फिर भी इनसे सबक नहीं लिया है। बल्कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में खुलेआम इन स्थितियों को आमंत्रण दिया जा रहा है। गैस किट लगे वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को ठूंस-ठूंस कर भरकर लाने ले जाने का क्रम जारी है, और परिवहन विभाग आंखों पर पट्टी बांध कर बैठा हुआ है।

### दो किमी दूर से पैदल आते हैं छात्र छात्राएं

छात्रों को हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली घोषणाएं केवल औपचारिकता पूरी करती नजर आ रही है। स्थिति यह बनी हुई है कि नगर से बाहर दो किमी दूर स्थित शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं चिलचिलाती धूप, बरसात, ठंड के मौसम में भी पैदल आना जाना करते हैं। समस्या यह बनीं हुई है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यहां कोई बस स्टाप भी नहीं बना हुआ है। जिससे छात्र बसों को रोककर आना-जाना कर सकें। मजबूरी बस पैदल जाना पड़ता है। चूंकि संपन्न परिवारों के बच्चे तो अपने साधनों से आ जा सकतें हैं लेकिन मध्यम निर्धन वर्ग के बच्चों को दिक्कत ही हुआ करती है। इतना ही नहीं बल्कि टाइमिंग यात्री बसों को मिलाने के लिए इन छात्र छात्राओं को एन एच पर खड़े होकर खुले आसमान के नीचे प्रतीक्षा करनी पड़ती है। कभी-कभी तो इनको घंटों बैठकर बस का इंतजार करना पड़ता है इन्हें घर या स्कूल पहुंचने में काफी विलंब हो जाता है।

## उमस भरी गर्मी से बेचेंनी

**तेंदूखेड़ा यशभारत।** पिछले सप्ताह लगभग चार पांच दिन तक हुई लगातार बारिस से जहां भीषण गर्मी से निजात मिलने के साथ लोगों ने राहत की सांस ली थी वहीं अब पुनः बारिस बंद हो जाने से उमस भरी गर्मी के कारण आम जनजीवन प्रभावित बना हुआ है। लोगों में बैचेनी देखने को मिल रही है। इसी बीच बिजली की आंख मिचौली लोगों को और ज्यादा परेशान कर रही है।लोग पुनः वारिस का इंतजार कर रहे हैं। किसान वर्ग भी खेतों में खरीफ मौसम की बोबनी के लिए जुटे हुए हैं। जिन खेतों में पानी भर गया था वहां भी बतर का इंतजार किया जा रहा है। उमस से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। तेज उमस से निकलने वाले पसीना पूरे शरीर में चिपचिपाहट कर देता है जिससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

**नरसिंहपुर, यशभारत।** शंकराचार्य हॉस्पिटल एवं नेत्रालय द्वारा राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत प्रतिमाह नरसिंहपुर तथा सिवनी जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है जिसमे नेत्र संबंधी जाँचे की जाती हैं एवं मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर हॉस्पिटल की निःशुल्क बस सेवा द्वारा मरीजों को नेत्रालय लाकर उनका आवश्यक उपचार किया जाता है। ये शिविर आज दिनांक 04/07/2023 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करकबेल जिला नरसिंहपुर में आयोजित किया गया जिसमे कुल 52 मरीजों की जाँच हुई जिसमें 16 मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित किया गया शंकराचार्य हॉस्पिटल एवं नेत्रालय के कैम्प मीडिया




प्रभारी दीपक सराठे से द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक माह की 4 तारीख यह शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(पंचायत भवन) मुंगवानी जिला नरसिंहपुर में आयोजित होगा। इस निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर में शंकराचार्य हॉस्पिटल एवं नेत्रालय स्टाफ वृन्दावन(कैम्प प्रभारी) दीपक सराठे (कैम्प मीडिया प्रभारी) रोहित यादव (आफ्थैल्मिक असिस्टेंट) दीपक ठाकुर (कैम्प सहायक) अनिल ठाकुर (ड्राइवर) रहे।इस शिविर का शुभारंभ रश्मि गुप्ता( विमल गुप्ता ) जागेश तिवारी विमलेश गुप्ता जगदीश सोनी सेक्टर सुपरवाइजर चंदा धुर्वे ए एन एम रंजीता ठाकुर(नर्सिंग ऑफिसर) सुनीता सेन आशा कार्यकर्ता सीताराम यादव द्वारा माँ भगवती पूज्य गुरुदेव भगवान एवं पूज्य महाराज श्री के चित्र का पूजन कर किया गया।

# बूथ समिति एवं मंडल कार्यकर्ता सम्मलेन आज




**बरेला, यशभारत।** बूथ समिति एवं मंडल कार्यकर्त्ता सम्मलेन आज सामुदायिक भवन बरेला में भारतीय जनता पार्टी के बरेला मंडल एवं रानी दुर्गावती मंडल के संयुक्त सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे पनागर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री सुशील तिवारी जी ने कार्यकर्ता को संबोधित किया,उन्होंने केंद एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याण करी योजनाओं को जन जन तक पहुंचने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पधाधिकारी, कायरकर्तो,बूथ अध्यक्ष को मार्गदर्शन प्रदान किया।.जिसमे बिहार से आए विस्तारक रजनीश ईश्वरी, अजीत यादव,प्रतीक दुबे,मनोज यादव,संदीप शुक्ला,सोनू सोनकर,चंदन पटेल,अजय रजक,प्रहलाद पटेल,खुशीलाल साहू,गोलू जैन,प्रीतम कटारे,भानु नवेरिया,शैलेंद्र दुबे, डालचंद विश्वकर्मा, विक्की पटेल,प्रवेश पटेल,आलोक दुबे,पंकज पटेल, शेंकी राय,कृपाशंकर मिश्रा,सरमन पटेल,हुकुम सोनी,गंगाराम पटेल,चंदू सोनी,अजय चौकसे,पवन विषकर्मा,दीपक सोनकर, राज चक्रबर्ती, राजकुमार गोटिया,अतीक बर्मन, मुनि विश्वकर्मा,मोंटी साहू,गंगा राम पटेल,ओमकार पटेल,अजय सोनी,सौरव पटेल,अजय दुबे, साहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में रहे।

# बूथ समिति एवं मंडल कार्यकर्त्ता सम्मलेन सम्पन्न



**बरेला, यशभारत।** सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी के बरेला मंडल एवं रानी दुर्गावती मंडल के संयुक्त सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे पनागर विधायक सुशील तिवारी ने कार्यकर्ता को संबोधित किया,उन्होंने केंद एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याण करी योजनाओं को जन जन तक पहुंचने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पधाधिकारी, कायरकर्तो,बूथ अध्यक्ष को मार्गदर्शन प्रदान किया।.जिसमे बिहार से आए विस्तारक रजनीश ईश्वरी, अजीत यादव,प्रतीक दुबे, मनोज यादव,संदीप शुक्ला,सोनू सोनकर, चंदन पटेल, अजय रजक, प्रहलाद पटेल,खुशीलाल साहू, गोलू जैन,प्रीतम कटारे,भानु नवेरिया, शैलेंद्र दुबे, डालचंद विश्वकर्मा, विक्की पटेल,प्रवेश पटेल, आलोक दुबे,पंकज पटेल, शेंकी राय, कृपाशंकर मिश्रा, सरमन पटेल, हुकुम सोनी,गंगाराम पटेल,चंदू सोनी, अजय चौकसे, पवन विषकर्मा, दीपक सोनकर, राज चक्रबर्ती, राजकुमार गोटिया, अतीक बर्मन, मुनि विश्वकर्मा, मोंटी साहू,गंगा राम पटेल, ओमकार पटेल,अजय सोनी,सौरव पटेल, अजय दुबे, साहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में रहे।

# बरगी नहरों से खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए जल लेने किसानों से 31 जुलाई के पूर्व मांग पत्र आमंत्रित

**नरसिंहपुर, यशभारत।** वर्ष 2023- 24 की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव नरसिंहपुर तहसील के संबंधित 126 ग्रामों के किसानों से 31 जुलाई के पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया हैए ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग क्रमांक दो गोटेगांव एमएस बेनल ने दी है। इस सिलसिले में कार्यपालन यंत्री ने जानकारी दी है कि बरगी की मुख्य नहर की आरडी 63.42 से 81.300 किमी तक वितरण प्रणालियों में हरेरी, करेली, देवरी, बगासपुर, रामनिवारी, तिघरा माइनर एवं कमांड की माइनरों सब माइनरों से करीब 126 ग्रामों की लगभग 3 हजार हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। जिले की गोटेगांव नरसिंहपुर तहसील के संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया गया है कि वे खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए बरगी नहरों से जल लेने के लिए मांग पत्र एवं अनुबंध 31 जुलाई के पहले तक सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। मांग पत्र एवं अनुबंध सक्षम प्राधिकारी देवनगर, दबकिया, मनकवारा, खमरिया, कुसीवाड़ा, कमोद, भैंसा, आंखीवाड़ा, देवरी, तिंदनी एवं मुराछ आदि जल उपभोक्ता संथा के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई सागर नहर अनुविभाग गोटेगांव एवं बगासपुर के समक्ष नियत तिथि तक प्रस्तुत करना होगा।

# बीजेपी स्वास्थ्य शिविर में 2570 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ और शालीनताई मेघे हॉस्पिटल नागपुर के सहायोग से जिला संयोजक डॉक्टर नितिन दुबे के द्वारा विजोरी,चरगवां में आयोजित विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 2570 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ पर आदिवासी से वरिष्ठ चतुर्भुज गोंड ने स्वागत किया। इसमें मुख्य अतिथि



श्रीमती प्रतिभा सिंह , नीरज सिंह, डॉ. अश्वनी त्रिवेदी, संदीप शुक्ला ,रुपेश पटेल ,विक्रांत सिंह ,अमित खरे, मंडल अध्यक्ष अभिषेक खरे , महामंत्री राम सिंह , जिला मंत्री डॉक्टर दीपक दुबे , डॉ. चिंतन बबेले, डॉ.सरिता साहू, डॉ.राजकुमार पटेल, डॉ. आशीष नेमा, डॉ. पुष्पेन्द्र शुक्ला, दिलीप झारिया, रविकान्त पाठक एवं जबलपुर ग्रामीण के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश सिलावट समाज की चुनाव प्रक्रिया हुई पूर्ण

**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव मध्यप्रदेश सिलावट समाज द्वारा म.प्र.के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव हेतु 11/06/2023 में सिलावट समाज के प्रदेश अध्यक्ष के संबंध में मीटिंग रखी। जिसमें दिनांक 24,,,6,, 2023 से दिनांक 25 ,,6,,2023 तक प्रदेश अध्यक्षों के 6 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फार्म भर कर जमा किए। नियत दिनांक- 26 ,,6 ,,2023 को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्षों के 5 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फार्म वापस लिए ।शेष एक प्रत्याशी परम सिंह सिलावट का नामांकन शेष रहा उक्त स्थिति को देखते हुए मध्य प्रदेश सिलावट समाज चुनाव समिति के मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह छिरा एडवोकेट निर्वाचन समिति सदस्य ,श्री नारायण पिपरोलिया ,श्री परसराम छिरा श्री पंचम सिंह ,कैलाश सिंह विंडवार ने 02जुलाई दिन रविवार को नियमानुसार एवं विधिवत आदरणीय श्री परम सिंह सिलावट(ठेकेदार) को मध्यप्रदेश सिलावट समाज का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। तत्पश्चात सिलावट समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक स्थान गांधीवार्ड अंबेडकर भवन में आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष टावल सिंह जी के कार्यो को देखते हुए, समाज के लोगों ने टावल सिंह जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पास करके सिलावट समाज निर्वाचन समिति के सामने पेश किया। जिसमें सिलावट समाज निर्वाचन समिति ने सहमति देते हुए टावल सिंह सिलावट जी को सिलावट समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक सिलावट समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है । उसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को संविधान की शपथ दिलाई गई। बैठक में सर्वप्रथम भारत रत्न डा भीमराव अंबेडकर जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया तत्पश्चात युवा नेता स्वर्गीय मणिनागेंद्र सिंह पटेल मोनू भैया को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके कार्यो को याद कर स्थान नया बाजार गोटेगांव में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जो प्रतिमा स्थापित की गई ।उसमें स्वर्गीय मणिनागेंद्र सिंह पटेल, मोनू भैया का विशेष योगदान रहा। बैठक में उप. वरिष्ठ समाजसेवी श्री रेवाराम असैया जी, श्री राजाराम कस्तवार जी, श्री गौरीशंकर सिलावट जी, जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर, श्री दौलत सिंह राजोरिया जी जिला अध्यक्ष जबलपुर, श्री रंजीत पिपरोलिया जी शिक्षक ने अपने उद्बोधन दिए कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद जितेंद्र चांदोरिया जी के द्वारा किया गया बैठक का समापन आभार पार्षद दीनू छिरा के द्वारा किया गया ।

# बडगैया वेयर हाउस भरदा में मूंग खरीदी सेंटर का उद्घाटन



**पनागर, यशभारत।** बडगैया वेयर हाउस भरदा में मूंग खरीदी सेंटर का उद्घाटन हुआ जिसमें विधायक प्रतिनिधि आनंद जैन, तत्कालीन छतरपुर समिति अध्यक्ष नारायण बर्मन, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोनू खरे, डुममी यादव, अभिषेक पटैल, राघवेन्द्र ठाकुर, मुकेश पटैल, मुकेश दुबे, प्रबन्धक नवल खमपरिया, आपरेटर विशाल सिंह, रोहित ठाकुर एवं किसान शामिल थे।

# महर्षि आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर हुए दो दिवसीय कार्यक्रम

**नरसिंहपुर यशभारत।** महर्षि आश्रम में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव सोमवार व मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान विविध कार्यक्रम हुए कार्यक्रम में गुरु के महत्व और योगी महर्षि महेश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की गई । कार्यक्रम में भजन कीर्तन और सुंदर पाठ का आयोजन हुआ। अध्ययनरत बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही वक्ताओं ने गुरु पूर्णिमा पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूजा पाठ की गई। आश्रम प्रभारी अश्वनी भार्गव ने कहा कि समय-समय पर गुरु का मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए और हर कार्य समय पर करना चाहिए। इस अवसर पर अतिथि



के रूप में पत्रकार नीलेश जाट, सुभाष ठाकुर, संतोष पटेल, कॉमर्स पटेल, बिट्टू जाट, दुर्गेश मुद्गल के अलावा आश्रम के आचार्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# जिम्बाब्वे की हार से किसे हुआ फायदा और नुकसान 2 टीमों के क्वालीफाई करने के समीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 के क्वालीफायर मुकाबले जिम्बाब्वे में खेले जा रहे हैं। फैंस को रोज रोमांचक मैच देखने को मिल रहे हैं। श्रीलंका ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, जिम्बाब्वे की टीम ने क्वालीफायर के पहले राउंड में अपने सभी चार मैच जीते थे, लेकिन सुपर सिक्स में टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और लगातार दो मैच हारकर वनडे वर्ल्ड 2023 की रेस से बाहर हो गई। अभी तक वर्ल्ड कप के लिए 9 टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। आखिरी स्थान के लिए नीदरलैंड्स और स्कॉटलैंड के बीच टक्कर है। आइए जानते हैं। वर्ल्ड कप में जगह बनाने के लिए दोनों टीमों के क्या समीकरण हैं?



### वर्ल्ड कप में जगह बनाने के लिए इन टीमों के बीच है रेस

स्कॉटलैंड के गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जिम्बाब्वे को 31 रनों से हरा दिया। इस जीत से स्कॉटलैंड के लिए वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दरवाजे खुल गए हैं। वर्ल्ड कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स राउंड में स्कॉटलैंड ने 4 में से तीन मुकाबले जीते हैं और वह 6 अंक लेकर इस समय Points अङ्कुङ्घद्ग में दूसरे स्थान पर काबिज है और उसका रेट रन रेट प्लस 0.296 है। नीदलैंड्स क्वालीफायर में इस समय चौथे नंबर पर मौजूद है। टीम के 4 मैचों में 2 जीत के साथ 4 अंक हैं और उसका रेट रन रेट माइस 0.042 है।

### स्कॉटलैंड के लिए ऐसा है समीकरण

वनडे वर्ल्ड कप 2023 क्वालीफायर में नीदरलैंड्स और स्कॉटलैंड के बीच 6 जुलाई को मुकाबला खेला जाएगा। स्कॉटलैंड को वनडे वर्ल्ड कप में क्वालीफाई करने के लिए नीदरलैंड्स के खिलाफ सिर्फ जीत की जरूरत है। ऐसे में उसके 8 अंक हो जाएंगे और वह दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई कर जाएगा, क्योंकि उसका रेट रन रेट पहले से ही प्लस में है।

### नीदरलैंड्स को करना होगा ये काम

नीदरलैंड्स अगर मैच में स्कॉलैंड को हरा देता है, तो जिम्बाब्वे, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के 6-6 अंक हो जाएंगे। तब रेट रन रेट में मामला फंस सकता है। इसी वजह से नीदरलैंड्स को स्कॉटलैंड के खिलाफ 32 रनों के ज्यादा अंतर से मैच जीतना होगा। वहीं, स्कॉटलैंड की टीम अगर पहले बल्लेबाजी करते हुए टारगेट को सेट करती है, तो नीदलैंड्स को 44.1 ओवर में टारगेट चेस करना होगा।

# सिंधु को लगा तगड़ा झटका, लगातार बड़े टूर्नामेंट्स में हार के बाद उठाना पड़ा ये नुकसान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की स्टार बैडमिंटन प्लेयप पीवी सिंधु के लिए पिछला समय कुछ खास नहीं रहा है। सिंधु लगातार बड़े टूर्नामेंट्स को जीतने में नाकामयाब रही हैं और इसका सीधा सा असर उनकी रैंकिंग पर भी आ चुका है। सिंधु को अपनी करियर रैंकिंग में बड़ा झटका लगा है।

### सिंधु को रैंकिंग में तगड़ा झटका

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीन पायदान खिसककर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इस साल अप्रैल में टॉप- 10 से बाहर हुई सिंधु के 13 टूर्नामेंटों में 51070 अंक हैं। वह इस सप्ताह कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेंगी। सिंधु पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान एड़ी में फ्रेक्चर के कारण वह पांच महीने कोर्ट से दूर रही थीं। वह इस सीजन में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 के फाइनल में और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में सेमीफाइनल में पहुंची थीं।

### सात्विक-चिराग का जलवा

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी युगल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। पुरूष एकल में एचएस प्रणय आठवें स्थान पर हैं जबकि लक्ष्य सेन 19वें और किदाम्बी श्रीकांत 20वें स्थान पर हैं। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद एक स्थान गिरकर 17वें स्थान पर हैं। पुरुष युगल में एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला 26वें स्थान पर है जबकि रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी मिश्रित युगल में 33वें स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड का सबसे खतरनाक बल्लेबाज एशेज सीरीज से बाहर, मुश्किल में बेन स्टोक्स की टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड को 43 रनों से मात दी थी। इस मुकाबले के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम 2-0 से सीरीज में आगे हो गई है। इंग्लैंड की टीम के लिए यहां से वापसी कर पाना वैसे भी काफी मुश्किल नजर आ रहा है और इसी बीच टीम को एक और बड़ा झटका लग गया है। दरअसल इंग्लैंड के वाइप कैप्टन पूरी एशेज सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

### इंग्लैंड को लगा तगड़ा झटका

इंग्लैंड के उपकप्तान ओली पोप लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान दाहिना कंधा खिसकने के कारण मंगलवार को एशेज सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए और अब आने वाले दिनों में उनका ऑपरेशन होगा। पिछले सप्ताह दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह 25 वर्षीय बल्लेबाज फील्डिंग करते समय गिर गया था जिससे उनका कंधा चोटिल हो गया था। इसके बाद तीसरे दिन दूसरी पारी के दौरान उनकी चोट बढ़ गई।

### फील्ड पर ही नहीं उतरे


बता दें कि पोप को चोटिल होने के बाद दोबारा फील्ड पर उतरने की अनुमति नहीं दी गई। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा कि इंग्लैंड और सरे के बल्लेबाज ओली पोप पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान अपने दाहिने कंधे की हड्डी खिसकने के कारण एशेज सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं और उन्हें अब आपरेशन करवाना होगा।

### 2-0 से पीछे है इंग्लिश टीम

बता दें कि सीरीज में पहले ही इंग्लैंड की टीम 2-0 से पिछड़ रही है। सीरीज के पहला टेस्ट भी बेहद रोमांचक रहा था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। वहीं दूसरे टेस्ट की बात करें तो इंग्लैंड ने आखिरी दिन तक खूब जोर लगाया, लेकिन अंत में ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत हासिल करने में कामयाब रही।

# वर्ल्ड नंबर 1 अल्कारेज की तगड़ी शुरुआत, पहले राउंड में विरोधी को किया चित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विंबलडन ग्रैंडस्लेम टूर्नामेंट में दुनियाभर के टेनिस खिलाड़ी एक-दूसरे का सामना कर रहे हैं। इस नामी टूर्नामेंट में सभी नजरें दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज पर टिकी हुई हैं। अल्कारेज ने उम्मीद के मुताबिक कमाल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे राउंड का टिकट कटा लिया है। अल्कारेज ने पहले मैच में लगातार सेट जीतकर मुकाबले पर कब्जा किया। कार्लोस अल्कारेज ने पहले दौर में फ्रांस के जेरेमी चार्डी को 6-0, 6-2, 7-5 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।



अल्कराज तीसरी बार विंबलडन में भाग ले रहे हैं। इससे पहले वह कभी ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, लेकिन इस बार उन्हें इस ग्रासकोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में नोवाक जोकोविच के आठवें खिताब की राह में सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा है। 7 बार के चैंपियन जोकोविच ने सोमवार को बारिश से प्रभावित मैच में पेड्रो कैचिन को 6-3, 6-3, 7-6 (4) से हराया था। इस बीच महिला वर्ग में अस्वस्थ होने के कारण पिछले सप्ताह ईस्टबोर्न इंटरनेशनल से हटने वाली एलेना रयबाकिना ने पहला सेट गंवाने के बाद अपनी सर्विस में सुधार किया और शेल्बी रोजर्स को 4-6, 6-1, 6-2 से हराया। कार्लोस अल्कारेज ने अभी तक एक ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है।

# भारत ने जीता रिकॉर्ड 9वां खिताब रोमांचक फाइनल में कुवैत को दी मात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैफ चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में मात दी। इसी के साथ भारतीय टीम ने इस चैंपियनशिप में रिकॉर्ड 9वीं बार खिताबी जीत हासिल की। मैच अपने निर्धारित समय और एक्स्ट्रा टाइम के बाद तक 1-1 से बराबरी पर रहा। जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट में टीम इंडिया ने 5-4 से जीत हासिल की।

### बराबरी पर छूटा था मुकाबला

दोनों टीमें 120 मिनट के खेल तक 1-1 से बराबरी पर थीं। पेनल्टी शूटआउट के पांच दौर के बाद भी स्कोर 4-4 था जिसके बाद सडन डैथ पर फैसला हुआ। आखिरी शॉट पर महेश नोरेम ने स्कोर किया और भारत के गोलकीपर गुरप्रीत संधू ने डाइव लगाकर खालिद हाजिया का शॉट बचाकर टीम को जीत दिलाई। निर्धारित समय के भीतर शाबाइब अल खलीदी ने 14वें मिनट में गोल करके कुवैत को बढत दिलाई थी जबकि भारत के लिए बराबरी का गोल लालियांजुआला ने 39वें मिनट में दागा। गत चैम्पियन भारत और कुवैत ने आखिरी ग्रुप मैच भी 1-1 से ड्रॉ खेला था।

### सेमीफाइनल में भी पेनल्टी में जीते

भारत ने दूसरी बार पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की है। इससे पहले 1 जुलाई को सेमीफाइनल में लेबनान को भी पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। उस मैच में भी संधू ने शूटआउट में जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। भारत के लिए कप्तान सुनील छेत्री, संदेश झिंगन, शुभाशीष बोस, छांगटे और महेश ने गोल दागे जबकि उदांता सिंह चूक गए। शूटआउट से पहले कुवैत का दबदबा था जिसने पहले हाफ में कई मौके बनाए। इसका फायदा 14वें मिनट में मिला जब मुबारक अल फानीनी ने बायें विंग से अब्दुल्ला अल ब्लूशी को पास दिया। अल ब्लूशी ने गेंद अल खालिदी को सौंपी जिसने गोल करके कुवैत को बढत दिलाई।

### 39वें ओवर में छांगटे ने किया गोल

भारत अगले ही मिनट बराबरी कर लेता लेकिन कुवैत के गोलकीपर अब्दुल रहमान ने छांगटे का शॉट बचा लिया। इस साल एफआईएफएफ के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुने गए छांगटे ने हालांकि 39वें मिनट में बराबरी का गोल कर दिया। सहल अब्दुल समाद और कप्तान छेत्री के बीच पास के आदान प्रदान के बाद गेंद छांगटे तक पहुंची जिसने विरोधी गोलकीपर को छकाकर गोल दागा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने भरसक कोशिश की लेकिन गोल नहीं हो सका। अतिरिक्त समय में कुछ खिलाड़ी चोटिल हुए, कुछ खिलाड़ियों और अधिकारियों को को पीले कार्ड भी मिले लेकिन निर्णायक गोल नहीं हो सका।

## रंग संसार

# वो हर बात पर अपनी नाक घुसाती है:आलिया

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी ने कंगना पर जमकर भड़ास निकाली है।हाल ही में 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में नजर आई आलिया सिद्दीकी ने एक इंटरव्यू में कंगना पर तंज कसते हुए कहा, 'मैं उस पर ध्यान नहीं देती। क्योंकि मेरी नजरों में उनकी कोई वैल्यू नहीं है। मैं उन्हें तवज्जो नहीं देती, क्योंकि उसकी बात में दम तो होता नहीं है। वो हर जगह हर किसी से पंगे लेती रहती हैं। वो बस हर बात पर अपनी नाक घुसाती हैं। आलिया ने आगे कहा, 'कंगना के अलावा किसी और ने कुछ नहीं बोला, क्योंकि उन्हें अपनी फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' को सपोर्ट करना था। बेशक, वो



प्रोड्यूसर हैं, उन्हें फिल्म बचाना है, तो वो आवाज उठाएगी ही, लेकिन वह हमेशा गलत चीजों पर आवाज उठाती हैं। ऐसे में मेरी नजर में उसकी कोई कीमत मेरी नहीं है। आपको याद दिला दें, कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उस वक्त सपोर्ट किया था, जब आलिया ने बंगले के गेट के बाहर खड़े एक्टर का वीडियो शेयर किया थ। इस वीडियो में नवाजुद्दीन गेट के बाहर खड़े होकर आलिया से बात करते हुए नजर आ रहे थे। वीडियो में दोनों के बीच काफी बहस सुनने को मिली थी। नवाजुद्दीन को सपोर्ट करते हुए कंगना ने कहा था, 'जब नवाज जैसे बड़े स्टार को उनकी ही पत्नी ऐसे अपमानित कर रही है तो ये सब देखकर मुझे रोना आ रहा था। बता दें कि एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी की शादीशुदा लाइफ काफी समय से उलझी हुई है। सोशल मीडिया पर आलिया और नवाजुद्दीन ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए थे। दोनों के मेटर में पिछले दिनों एक्ट्रेस कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को सपोर्ट किया था।

# फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में प्रियामणि

### शाहरुख खके साथ पर्दे पर देखने एक्साइटेड हैं फैंस

**मुंबई (ईएमएस)।** वेब सीरीज द फैमली मैन के बाद सर्वम शक्तिमय में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस प्रियामणि अपकमिंग फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में हैं। उनके फैंस उन्हें शाहरुख खान के साथ पर्दे पर देखने के लिए बेताब है। प्रियामणि साउथ की वो एक्ट्रेस हैं, जो ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स से तौबा करती हैं। इस एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों में नो किसिंग पॉलिसी कायम रखा है। ऐसा उन्होंने क्यों किया है इसके पीछे की कई वजह हैं, जिसका खुलासा एक्ट्रेस ने खुद किया है। प्रियामणि ने न केवल साउथ बल्कि बॉलीवुड में भी अपने अभिनय का परचम लहराया है। प्रियामणि ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स



से दूर रहती हैं। उन्होंने बाकायदा अपने कॉन्ट्रेक्ट में नो किसिंग क्लॉज एड किया हुआ है। क्यों ऐसा उन्होंने किया आप भी जान लीजिए जवान एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया कि उनके हाथ से कई प्रोजेक्ट्स के ऑफर थे, जिनमें उन्हें इंटीमेट सीन करने की जरूरत थी। लेकिन उन्होंने इन ऑफर्स से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑनस्क्रीन गालों पर किस करने से ज्यादा कुछ भी करने से बचना उनकी निजी पसंद है। नो किसिंग पॉलिसी के बारे में प्रियामणि ने आगे कहा, मैं ऑनस्क्रीन किस नहीं करूंगी। इसके लिए मेरी तरफ से हमेशा ना हैट। उन्होंने कहा कि मैं ये अच्छे से जानती हूं कि ये सिर्फ एक रोल और मेरा काम है, लेकिन निजी तौर पर अगर कहूं तो, मुझे ऑनस्क्रीन किसी दूसरे आदमी को किस करना पड़े तो मैं बिलकुल सहज नहीं रहूंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शादीशुदा हूं और मुझे अपने पति के प्रति जवाबदेह होना होगा। उन्होंने आगे कहा, मैं जानती हूं कि जब भी वो प्रोजेक्ट आउट होगा तो मेरी दोनों तरफ की फैमिली इसे देखेंगी। वो भी जानते हैं कि यह मेरा काम है, लेकिन मैं असहज महसूस नहीं करना चाहती। वो लोग देखकर सोचेंगे कि शादीशुदा होने के बावजूद हमारी बहू ये सब क्यों कर रही है कोई और उसके ऊपर हाथ क्यों रख रहा है वो लोग कुछ भी नहीं कहेंगे, पर यह मेरी पर्सनल चॉइस है। प्रियामणि ने 23 अगस्त 2017 में मुस्तफा राज के साथ शादी की है।

# अरशद अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में

**मुंबई (ईएमएस)।** आजकल एक्टर अरशद वारसी अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म जॉली एलएलबी 2 और बिग बॉस में रिप्लेस किए जाने पर बात की है। अरशद वारसी बिग बॉस के पहले होस्ट रहे हैं। उन्होंने पहला सीजन होस्ट किया था, लेकिन फिर वह रिप्लेस कर दिए गए। इसके बाद बिग बॉस को शिल्पा शेट्टी, अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसे सितारों ने होस्ट किया। पिछले एक दशक से होस्टिंग की कुर्सी पर सलमान खान का दबदबा है। अरशद ने कहा- मैं बिग बॉस का अगला सीजन नहीं कर सका, क्योंकि मुझे एक शूट के लिए लंदन जाना था, लेकिन मेरा मानना है कि सलमान खान इस शो में सबसे अच्छे हैं। उस काम को सलमान से बेहतर कोई नहीं कर सकता था। रियलिटी शो को चाहिए सलमान जैसा कोई दबंग।अरशद वारसी ने जॉली एलएलबी में काम किया था, लेकिन जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने उन्हें रिप्लेस कर दिया था। जॉली एलएलबी 3 का एलान हो गया है और इस बार अक्षय के साथ अरशद भी दिखाई देंगे। उन्होंने कहा- जॉली एलएलबी 3 बन रहा है और आप मेरे साथ अक्षय कुमार को भी देखेंगे। यह



ऑरिजिनल प्लान था। मैं पहली फिल्म में दिखाई दिया था और उन्होंने दूसरा किया था। अरशद वारसी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है कि फिल्म हलचल में उन्होंने दिल से काम नहीं किया था। उनका कहना था कि वह फिल्म को सिर्फ अपनी एक जॉब मानकर कर रहे थे, लेकिन वह दिल से खुश नहीं थे। कुछ समय पहले ही जियो सिनेमा पर असुर 2 स्ट्रीम हो रही है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। थ्रिलर सीरीज में अरशद के साथ बरुण सोबती और रिद्धि डोगरा भी लीड रोल में हैं। बता दें कि अरशद वारसी अपनी उम्दा एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। कॉमिक टाइमिंग हो या फिर सीरियस रोल, अरशद अपने हर किरदार को बहुत ही संजीदगी से निभाते हैं।


# रणवीर सिंह ने की एक मजेदार रील शेयर


### लोगों ने आदिपुरुष से की तुलना

**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म के गाने पर एक्टर रणवीर सिंह ने एक मजेदार रील शेयर कर फैंस का दिन बना दिया है। दरअसल, कुछ दिन पहले रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पहला गाना तुम क्या मिले रिलीज हुआ है। इस गाने को लोगों ने काफी पसंद किया था। आलिया भट्ट ने भी गाने के प्रमोशन के लिए इस पर एक रील बनाया था। वह समंदर के किनारे इस गाने पर गुनगुनाती हुई नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने रील के साथ कैप्शन में लिखा था, पहले पहाड़ों पर और अब बीच पर... हम तो गाते रहेंगे। ये काफी वायरल हुआ था। अब रणवीर सिंह ने आलिया भट्ट की तरह एक रील शेयर किया है, बस फर्क वीएफएक्स का है। रणवीर ने मजे में कहा कि उनका आलिया की तरह बजट नहीं है, इसलिए उन्होंने वीएफएक्स के जरिए समंदर के किनारे तुम क्या मिले गाने पर रील बनाया। शॉर्ट हेयर और शर्ट-जींस में रणवीर बहुत हैंडसम लग रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए रणवीर ने कैप्शन में लिखा, आलिया के रील जितना बजट नहीं था। उन्होंने आलिया को टैग भी किया। गंगूबाई एक्ट्रेस ने रणवीर के वीडियो पर कमेंट कर उन्हें लीजेंड बताया। साथ ही इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी रील रीशेयर कर हाहाहा लिखा है। रणवीर सिंह के इस वीडियो पर लोगों ने मजेदार रिएक्शन दिया। किसी को रणवीर शॉर्ट हेयर में हैंडसम लगे, तो वहीं कुछ लोगों ने कहा कि आदिपुरुष से बेहतर रणवीर के रील का वीएफएक्स है। एक और यूजर ने मजे लेते हुए कहा, रणवीर सिंह भाई ये कोई तरीका है आदिपुरुष की वीएफएक्स टीम को ट्रोल करने का। एक ने कहा, आदिपुरुष टीम अभी भी आपको सर्च कर रही है। बता दें कि रणवीर सिंह की गिनती बॉलीवुड के उम्दा कलाकारों में होती है। शायद ही



कोई सितारा है, जो उनकी एनर्जी से भरी वाइब्स को मैच करता हो। इन दिनों एक्टर अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं।



# 200 करोड़ की सड़कों समेत 500करोड़ के विकास कार्य ,भाजपा बौखलाई

## आयुक्त, निगमकर्मी सरकार के प्रतिनिधि : महापौर

**जबलपुर, यशभारत।** शहर में चौंतरफा कराए जा रहे विकास कार्यो को देखकर विपक्ष बौखलाया हुआ है, और इसी बौखलाहट में निराधार रूप से धरना प्रदर्शन कर आम नागरिकों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। क्या पिछले 18 वर्षो से सो रही थी भाजपा? नगर निगम के बाहर विपक्षी सदस्यों द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन के संबंध में उक्त विचार महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने व्यक्त किये। महापौर ने बताया कि शहर में लगभग 500 करोड़ रूपये के कार्य हुए हैं। जिसमें से 200 करोड़ रूपये की सड़कों का निर्माण किया गया है और यह क्रम लगातार आगे भी नागरिकों के हित में जारी रहेगा। मॉ नर्मदा में मिलने वाले गंदे नालों के ऊपर एस.टी.पी. प्लांट लगना भी शुरू हो गया है।



### विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा

महापौर ने प्रदर्शनकारी विपक्ष पर यह आरोप भी लगाया कि विपक्ष केवल जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा है कि यदि नगर निगम के आयुक्त या कोई भी अन्य अधिकारी कर्मचारी कोई भ्रष्टाचार कर रहा है तो वह अधिकारी कर्मचारी भी शासन प्रशासन से नियुक्त होकर ही कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार है, यदि विपक्ष चाहे तो ऐसे अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ जॉच शुरू कर उनके ट्रांसफर करा सकता हैं?

### 30 वर्षो से उपेक्षा का दंश झेल रहा कैंट

महापौर ने कहा है कि शहर का सबसे उपेक्षित और पिछड़ा विधानसभा क्षेत्र केन्ट विधानसभा है, जो 30 वर्षो से उपेक्षा का दंश झेल रहा हैं। विपक्ष के धरने-प्रदर्शन से जहां आम नागरिकों को परेशानी हुई है वहीं दूसरी ओर विकास कार्यो में अवरोध उत्पन्न कर जनता को गुमराह करने का प्रयास भी विपक्ष के द्वारा किया गया है, जो अति निंदनीय है।

### नागरिक सुविधा व हितों का ध्यान

महापौर ने यह भी कहा है कि नागरिक सुविधा व हितों के लिये शहर में चौतरफा अधोसंरचना एवं विकास कार्यों के साथ-साथ बड़े पैमाने पर बुनियादी सुविधाओं में विस्तारीकरण कराया जा रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था पहले की अपेक्षा काफी बेहतर हुई है और जलप्लावन से आम नागरिकों को राहत प्रदान करने लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए मुख्यालय सहित सभी संभागीय कार्यालयों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कराई गयी है जो अतिवृष्टि के दौरान वर्षा जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कर नागरिकों को संभावित जल प्लावन से राहत प्रदान करेगें।

### फैक्ट फाइल

- मॉ नर्मदा में मिलने वाले गंदे नालों के ऊपर एस.टी.पी. प्लांट लगना हुआ शुरू
- 30 वर्षो से उपेक्षा की दंश झेल रहे हैं केन्टवासी*
- विपक्ष के धरने-प्रदर्शन से आम नागरिकों को हुई परेशानी*

# जबलपुर में जल जीवन मिशन योजना का डिब्बा गोल

## 466 योजनाओं में सिर्फ 134 पूरी, बाकि का पता नहीं

जबलपुर, यशभारत। गांवों में घर-घर तक साफ पानी पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल जीवन मिशन की एकल ग्राम योजना के अंतर्गत जबलपुर जिले में स्थिति ठीक नहीं है। जल जीवन मिशन अंतर्गत नवीन रेट्रोफिटिंग नलजल योजना के तहत 466 योजनाएं संचालित है जिसमें 134 पूरी हुई शेष क्या स्थिति यह विभाग को भी जानकारी नहीं है। हालांकि विभाग का दावा है कि योजना के अंतर्गत जबलपुर जिले में अब तक 265 ग्रामों में पानी पहुंच चुका है। इसके माध्यम से एक लाख 13 हजार 539 परिवार लाभांवित हुए हैं। जल जीवन मिशन के तहत जबलपुर जिले में 604 ग्रामों में नल कनेक्शन देकर घर-घर जल पहुंचाने की योजनाएं स्वीकृत की गई है। इनमें से 333 योजनाएं रेट्रोफिटिंग एवं 271 नवीनी नल योजना शामिल है। रेट्रोफिटिंग की 93 योजनाओं एवं 172 नई नल जल योजनाओं का कार्य पूरा किया जा चुका है और एक लाख 13 हजार 539 घरेलू कनेक्शन पूर्ण किए गए हैं।




### 295 नल जल योजनाओं पर कार्य

जल जीवन मिशन के तहत 295 नल जल योजनाओं पर कार्य तेजी से किया जा रहा है। मिशन की एकल ग्राम योजना के अंतर्गत गावों में जलापूर्ति के लिए नए ट्यूब वेलों का खनन कर पंप स्थापित किए जा रहे हैं। उच्च स्तरीय टंकियों का निर्माण किया जा रहा है और पाइप बिछाकर घरों तक नल कनेक्शन के जरिए साफ पानी की आपूर्ति की जा रही है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल ग्राम योजना में रेट्रोफिटिंग एवं नवीन नल जल योजना सहित जिले के कुल 604 ग्रामों में नलों से घर-घर पानी पहुंचाने के लिए 253.86 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### इनका कहना है

योजनाओं का सफल क्रियान्वन के लिए विभाग काम कर रहा है। ऐसे ठेकेदारों को हटाया जा रहा है जो काम नहीं करना चाहते हैं। कुछ टेण्डर भी निरस्त किया जा रहा है।

**द्वारका मंगोरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री**

# लोकेश व्यास जिला युवा रेडक्रास के समन्वयक



जबलपुर, यशभारत। जिले में युवा रेडक्रास के गठन एवं गतिविधियों का संचालन करने जबलपुर इंडियन रेडक्रास सोसायटी ने लोकेश व्यास, आजीवन सदस्य, इंडियन रेडक्रास सोसायटी, जबलपुर को जिला युवा रेडक्रास के समन्वयक पद पर नियुक्त किया है। लोकेश व्यास जबलपुर जिले में जिला युवा रेडक्रास के गठन एवं गतिविधियों से संबंधित कार्य संपादित करेगें।

# व्हीएफजे को मिला 8 सौ स्टेलियन वाहन का आर्डर

## लंबे समय बाद समय पर आर्डर मिलने से कर्मचारियों में खुशी


**जबलपुर यशभारत।** व्हीएफजे को सत्र2023-24के लिए सेना की ओर से उत्पादन लक्ष्य मिल गया है।इस सत्र में निर्माणी को 8 सौ स्टेलियन वाहन बनाने हैं।इसके साथ ही सेना ने अपनी विभिन्न जरूरतों के हिसाब से अतिरिक्त रूप से 180 टाटा एलपीटीए चेसिस और 18 स्टेलियन चेसिस की मांग की है।उक्त आदेश मिलने की जानकारी के बाद कर्मचारियों में उत्साह है प्रबंधन के साथ सभी ने इसके लिए एक दूसरे को बधाई दी है।अब पूरे साल निर्माणी में कर्मचारियों के पास पर्याप्त काम होगा।उल्लेखनीय है कि विगत पांच दशकों से व्हीएफजे सेना के लिए वाहनों की आपूर्ति करते आ रही है।लेकिन पिछले कुछ वर्षों से समय पर आर्डर न मिलने से न केवल उत्पादन पिछड़ जाता था अपितु कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ नहीं मिल पाता था।उत्पादन सत्र शुरू होने के तीन महीने में ही लक्ष्य मिलने से समय पर कच्चा माल आ जायेगा और कर्मचारियों को पर्याप्त ओवर टाइम ,पीस वर्क प्राफिट आदि भी मिलेगा।जानकारों के अनुसार जल्द ही टाटा एलपीटीए का आर्डर भी व्हीएफजे को मिलेगा।जबकि नये स्थापित वाहन माइन प्रोटेक्टिव व्हीकल (एम पी व्ही )के विभिन्न माडलोंका उत्पादन जिसकी मांग सेना और अर्धसैनिक बलों में अच्छी खासी है उसका भी एकमात्र आर्डर व्हीएफजे को मिलेगा।



# राड से किराएदार का सिर फोड़ा, युवक लहूलुहान

जबलपुर, यशभारत।गढ़ा थाना अंतर्गत मकान मालिक द्वारा किराएदार को सिर पर राड मार कर घायल करने का मामला सामने आया है। जिसके बाद युवक सड़क पर घायल अवस्था में मिला जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित करके मेड़िकल तक पहुंचाया। मुजावर मोहल्ला सूपाताल निवासी शकील खान ने बताया कि एक युवक खून से लथपथ होकर सड़क के पास मिला उसके द्वारा उस युवक को पानी पिला कर उसकी अवस्था से पुलिस को सूचित करते हुए अवगत कराया। प्रथम दृष्टया में मामला मारपीट का लग रहा था जिसके बाद युवक से जब उसकी हालत को लेकर बात की गई तो उसने शकील को बताया कि उसका नाम भूपेंद्र सैनी है वह पचमठा निवासी है और पप्पू दारूवाला के घर के पास उसका निवास स्थान है 2 दिन पूर्व ही वहां किराए से रहने आया था ।मकान मालिक से मामूली बात पर रात में विवाद हो गया जिसके बाद मकान मालिक ने पास में ही पड़ी राड उठाकर उसके सर पर मारा इस दौरान उसके सिर से खून बहने लगा और पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। पुलिस द्वारा घायल युवक को एंबुलेंस में भेज कर मेडिकल रेफर कर दिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है।






# एक ही समय पर हुई थी बर्मन परिवार की मौत

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, गलत निकली बच्चे को जहर खिलाने वाली बात

**जबलपुर, यश भारत।** गोरखपुर थाना अंतर्गत सामूहिक आत्महत्या के मामले को लेकर परत दर परत विभिन्न प्रकार की कहानियां सामने आ रही थी परंतु किसी भी कहानी में कोई तथ्यात्मक बातें स्पष्ट नहीं हुई थी बस अफवाहों का दौर जारी था । 1 सप्ताह के उपरांत इस घटना की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई जिसमें की महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बर्मन परिवार की सामूहिक आत्महत्या का समय एक ही था अर्थात परिवार द्वारा एक निश्चित समय पर आत्महत्या की गई थी।



यशभारत फालोअप

### नहीं खिलाया था जहर

सामूहिक आत्महत्या ने शहर में विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को जन्म दे दिया जिसमें की आसपास के पड़ोसियों तथा सोशल मीडिया के विशेषज्ञों ने आत्महत्या की घटनाओं को लेकर प्रश्न उठाते हुए बहुत सी अफवाहों को जन्म दे दिया।परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत कुछ बातों पर विराम लग गया जिसमें कि वह अफवाह गलत निकली जिसमें की लोग यह दावा कर रहे थे कि पहले बच्चे को जहर देकर मारा गया और उसके बाद फांसी पर लटका दिया गया।पूरे परिवार ने एक ही समय पर सामूहिक रूप से आत्महत्या की ,इस बात की पुष्टि पुलिस द्वारा कर दी गई है।

### घटनास्थल की होगी जांच

दूसरी ओर पुलिस द्वारा लगातार फोन एवं सीडीआर की जांच करने में लगी हुई है जिसमें की सामूहिक आत्महत्या का स्पष्ट कारण पता चल जाए। इसी कड़ी में आज से घटनास्थल पर पुनः जाकर पुलिस द्वारा शून्य से जांच प्रारंभ की जाएगी तथा परिजनों के बयान लिए जाएंगे।

रामपुर छापर में हुए सामूहिक आत्महत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ चुकी है जिसमें कि पूरे परिवार की मौत एक ही समय पर होना बताया गया है। मामले को लेकर जांच जारी है और परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं

**शेष नारायण दुबे**
**चौकी प्रभारी रामपुर**

# विद्युत कंपनियों के कर्मियों की तीन दिवसीय हड़ताल 10 से

जबलपुर, यशभारत। ज्वाइंट वेंचर के माध्यम से मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी लिमिटेड, टी.वी. सी.बी के माध्यम से मध्यप्रदेश ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड और इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल के माध्यम से वितरण कंपनियों का निजीकरण के विरोध सहित सात सूत्री मांगों को लेकर चलाये जा रहे चरणबद्ध आंदोलन की समीक्षा की गई । इंजी विकास कुमार शुक्ला महासचिव द्वारा सर्वप्रथम 28 जून को किये एक दिवसीय कार्यबहिष्कार को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं कर्मियों का आभार व्यक्त किया, एवं बताया कि आंदोलन के दूसरे चरण तीन दिवसीय कार्यबहिष्कार 10 जुलाई 23 से 12 जुलाई को तक चलेगा।











































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )